MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियर: वर्ष:4 : अंक: 61 | ग्वालियर, गुरुवार 14 नवम्बर 2024 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए

नब्ज पर हाथ

-अजीत द्विवेदी

## विरोधाभासों से विपक्ष को मुश्किल



एक देश के तौर पर तो यह बात ठीक है कि भारत विरोधाभासों वाला देश है, जिसके बारे में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा था कि 'विरूद्धों में सामंजस्य' बैठाने वाला और 'संस्कृतियों का समुच्चय' है। परंतु जब कई संस्कृतियों वाली और विरोधी विचारों वाली पार्टियां सिर्फ राजनीतिक मजबूरी में एक साथ आ जाती है या गठबंधन बना लेती हैं तो उनके लिए राजनीति आसान नहीं होती है। विपक्षी पार्टियों का गठबंधन 'इंडिया' इसी तरह परस्पर विरोधी विचारधारा वाली पार्टियों का समुच्चय है, जिसकी वजह से हर चुनाव में मुश्किलें आती हैं। वैचारिक मुश्किल के साथ साथ राजनीतिक मुश्किल भी आती है। पार्टियों को प्रचार में परेशानी होती है और मुद्दे उठाने में समस्याएं आती हैं। हालांकि इसके बावजूद लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने अच्छा प्रदर्शन किया। लेकिन राज्यों के चुनाव में यह समस्या ज्यादा मुखर होकर सामने आती है।

मिसाल के तौर पर महाराष्ट्र के चुनाव में विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी अपने विरोधाभासों की वजह से इसी तरह की वैचारिक और राजनीतिक मुश्किलों का सामना कर रहा है। भाजपा को गठबंधन की पार्टियों के बीच की फॉल्टलाइन के बारे में पता है इसलिए वह उसी से जुड़े मुद्दे उठा रही है और पार्टियों को कठघरे में खड़ा कर रही है। भाजपा के नेताओं ने चुनाव प्रचार में कहा है कि उद्धव ठाकरे कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ रहे हैं तो क्या वे कांग्रेस के नेताओं से अपने स्वर्गीय पिता बाल ठाकरे की तारीफ करवा सकते हैं? यह बड़ा सवाल है।

कांग्रेस का कोई नेता बाल ठाकरे के बारे में एक शब्द भी नहीं बोलता है, जबकि भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिव सेना के नेता हर सभा में बाल ठाकरे की तारीफ कर रहे हैं। बाल ठाकरे के ऊपर कांग्रेस और उद्धव की पार्टी के विरोधाभास का हो सकता है कि उद्धव ठाकरे को नुकसान न हो लेकिन कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। शिव सेनिकों के वोट हो सकता है कि कांग्रेस उम्मीदवारों को नहीं मिलें। मुंबई की 36 में से कांग्रेस सिर्फ 10 ही सीट लड़ रही है, वहां उसको मुश्किल आ सकती है।

इसी तरह भाजपा ने एक दूसरी फॉल्टलाइन विनायक दामोदर सावरकर के रूप में तलाशी है। कांग्रेस के नेता सावरकर पर भी कुछ नहीं बोल सकते हैं। तभी भाजपा ने उद्धव ठाकरे को चुनौती दी है कि राहुल गांधी से मराठा आईकॉन सावरकर की तारीफ करवा कर दिखाएं। राहुल या कांग्रेस का कोई भी नेता सावरकर की तारीफ नहीं कर सकता है। परंतु विडम्बना यह है कि कांग्रेस सावरकर पर हमला भी नहीं कर सकती है, जो कि वह अक्सर करती रहती है। अब न तो चुनाव प्रचार में सुनाई दे रहा है और न सोशल मीडिया में दिख रहा है कि सावरकर माफी वीर थे। कांग्रेस नेताओं ने चुप्पी साध ली है। सवाल है कि अगर कांग्रेस को बाल ठाकरे की राजनीति पसंद नहीं थी या सावरकर उसके लिए माफी वीर हैं तो इसमें कोई वैचारिक द्वंद्व तो नहीं होना चाहिए?

यह तो वैचारिक ईमानदारी की बात नहीं हुई कि महाराष्ट्र के बाहर जाएंगे या चुनाव नहीं होगा तो सावरकर की आलोचना करेंगे और जब महाराष्ट्र में चुनाव है तो सावरकर पर चुप हो गए या बाल ठाकरे की आलोचना करते थे और जब उद्धव से तालमेल हो गया तो बाल ठाकरे पर चुप हो गए? पार्टियां समझती हैं कि आम मतदाता इन बारीकियों को नहीं समझता है या उसकी आंख में धूल झोंक लेंगे तो यह उसकी गलतफहमी है। मतदाताओं को पता होता है कि पार्टियां कहां उनको ठग रही हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड दोनों चुनावों में 'इंडिया' ब्लॉक की एक वैचारिक फॉल्टलाइन अनुच्छेद 370 को लेकर है। भाजपा के नेता दोनों राज्यों में खुल कर बोल रहे हैं कि उसकी केंद्र सरकार ने इसे खत्म किया और यह कभी वापस नहीं आ सकता है। अमित शाह ने तो यहां तक कहा कि राहुल गांधी की चौथी पीढ़ी भी इसे वापस नहीं ला पाएगी। दिलचस्प यह है कि कांग्रेस के अलावा महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे हों या शरद पवार और झारखंड में हेमंत सोरेन हों या लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव हों, कोई भी नेता अनुच्छेद 370 के मसले पर कुछ नहीं बोल रहा है।

क्या इन पार्टियों में इतनी वैचारिक स्पष्टता है कि वे सामने आकर कहें कि अनुच्छेद 370 हटाना ठीक फैसला था वे भी इसके साथ हैं या यह कहें कि इसे हटाना एक गलत फैसला था और हमारी सरकार बनेगी तो हम इसे वापस लाएंगे? इनमें से कोई भी बात 'इंडिया' ब्लॉक की पार्टियां नहीं कह रही हैं। उनको लग रहा है कि चुप रहेंगे तो अनुच्छेद 370 के समर्थक और विरोधी दोनों को साध लेंगे तो यह गलतफहमी है। गोरतलब है कि उद्धव ठाकरे की पार्टी खुल कर केंद्र सरकार के फैसले के साथ थी लेकिन अब उसके नेता भी चुप हैं क्योंकि उनको लग रहा है कि कांग्रेस और शरद पवारर की वजह से उनको मुस्लिम वोट मिलेंगे। सोचें, ऐसी वैचारिक बेईमानी से क्या राजनीति होगी?

विपक्षी गठबंधन की पार्टियों के बीच तालमेल को लेकर भी विरोधाभास है, जिसका नुकसान उनको चुनावी राजनीति में होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि 'इंडिया' ब्लॉक में शामिल ज्यादातर प्रादेशिक पार्टियां प्रदेश के चुनाव में अपना इंटरेस्ट छोड़ने को राजी नहीं होती हैं। जैसे सीपीएम को केरल में कांग्रेस से तालमेल नहीं करना है, बल्कि कांग्रेस के खिलाफ ही मुख्य मुकाबला है। सोचें, ऐसे में 2026 में जब केरल और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होंगे तो दोनों पार्टियां क्या करेंगी? केरल में दोनों एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और बंगाल में तालमेल करेंगे? इसका नतीजा 2021 के चुनाव में दिख चुका है।

पश्चिम बंगाल में दोनों पार्टियां पूरी तरह से साफ हो गईं, जबकि केरल में भी इनकी जमीन पर भाजपा ने पैर जमाया। इसी तरह दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों के पास कोई लोकसभा सांसद नहीं था तो दोनों ने तालमेल कर लिया लेकिन पंजाब में दोनों एक दूसरे के खिलाफ लड़े। अभी पिछले महीने हुए हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने अलग चुनाव लड़ा और उसे करीब दो फीसदी वोट आए। कांग्रेस की हार में एक कारण यह भी था। सो, कम्युनिस्ट पार्टियां, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस के संबंध अजीब से हैं। कहीं तालमेल होता है और कहीं सब एक दूसरे पर हमला करते हैं। जनता इसे समझती है। वैचारिक और राजनीतिक गठबंधन में स्पष्टता नहीं होने से 'इंडिया' ब्लॉक को चुनावों में नुकसान उठाना पड़ता है और आगे भी उठाना पड़ सकता है।

-शेष हाल-फिलहाल पेज पर

## पर्यटन स्थल के रूप में हो रहा है उदयपुर नीम पर्वत का विकास, सीईओ ने लिया जायजा

ग्वालियर। जिले के ग्राम उदयपुर में स्थित नीम पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। वहाँ पर पर्यटल के लिहाज से विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने बुधवार को नीम पर्वत का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने पर्यटकों की सुविधा एवं रुचि को ध्यान में रखकर सभी निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी, डीपीएम एनआरएलएम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुरार उपस्थित थे।

# महंगाई ने रिकॉर्ड तोड़ा

**खाने पीने की चीजों की कीमतों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी से अक्टूबर में खुदरा महंगाई की दर बढ़कर 6.21 फीसदी।**

**नई दिल्ली** ■ नया इंडिया ब्यूरो

अक्टूबर के महीने में महंगाई ने 14 महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। साथ ही वह रिजर्व बैंक की ओर से तय की गई खुदरा महंगाई की अधिकतम सीमा को भी पार कर गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक खाने पीने की चीजों की कीमतों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी की वजह से अक्टूबर में खुदरा महंगाई की दर ब ढ़कर 6.21 फीसदी पर पहुंच गई है। यह महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर है। इससे पहले अगस्त 2023 में महंगाई दर 6.83 फीसदी रही थी।

गोररतलब है कि रिजर्व बैंक ने खुदरा महंगाई के लिए अधिकतम छह फीसदी की सीमा तय की है। लेकिन अक्टूबर में महंगाई ने उस सीमा को भी लांघ दिया। इससे पहले सितंबरके महीने में भी सब्जियां महंगी होने से महंगाई दर 5.49 फीसदी पहुंच गई थी। गोरतलब है कि महंगाई के आकलन में करीब 50 फीसदी हिस्सा खाने पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने दर महीने आधार पर 9.24 फीसदी से बढ़ कर





10.87 फीसदी हो गई है। इसका मतलब है कि खाने पीने की चीजों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में महंगाई 5.87 से बढ़कर 6.68 फीसदी और शहरी महंगाई 5.05 से बढ़ कर 5.62 फीसदी हो गई है। इसका मतलब है कि ग्रामीण इलाकों में महंगाई ज्यादा बढ़ी है। असल में सब्जियों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी होने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई में इतना बड़ा उछाल देखने को मिला है। अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा महंगाई 42.18 फीसदी रही है, जबकि सितंबर में यह 35.99 फीसदी रही थी। हालांकि अक्टूबर में दालों, अंडे, चीनी और कन्फेक्शनरी व मसालों की महंगाई दर में गिरावट देखने को मिली है।

बहरहाल, राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने महंगाई के आंकड़ों के साथ देश में औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी जारी किए हैं। इसके मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन की वजह से देश का औद्योगिक उत्पादन यानी आईआईपी सितंबर में 3.1 फीसदी बढ़ा है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रही। एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर, 2024 के लिए खनन में 0.2 फीसदी, विनिर्माण में 3.9 फीसदी और बिजली क्षेत्र में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर के दौरान औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर चार फीसदी रही है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इसमें 6.2 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई थी।

## झारखंड और उपचुनावों का पहला चरण आज

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा की 43 सीटों के लिए पहले चरण में मतदान बुधवार को होगा। साथ ही उपचुनावों के पहले चरण के लिए भी मतदान बुधवार, 13 सितंबर को होगा। चुनाव आयोग की वजह से इस बार उपचुनाव भी दो चरणों में हो रहे हैं। पहले चरण में बुधवार को 10 राज्यों की 31 विधानसभा और



केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव होंगे। केरल की पलक्कड विधानसभा के साथ चार राज्यों की 14 विधानसभा और एक लोकसभा का उपचुनाव 20 सितंबर को होगा।

सिक्किम की दो विधानसभा सीटों पर 30 अक्टूबर को ही सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया था। उधर केरल की वायनाड लोकसभा सीट राहुल गांधी के इस्तीफे से खाली हुई है, जहां उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस की टिकट पर पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुकाबला सीपीआई के सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास से है।

इसके अलावा जिन 10 राज्यों की 31 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हो रहा है उनमें से 28 सीटें विधायकों के लोकसभा चुनाव में सांसद बनने, दो के निधन होने और एक के दलबदल की वजह से खाली हुई हैं। इनमें चार सीटें अनुसूचित जाति और छह सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। 31 में से 18 सीटें विपक्ष ने जीती थीं। इनमें अकेले कांग्रेस के पास नौ सीटें थीं। वहीं, एनडीए ने 11 सीटें जीती थीं। इनमें से सात विधायक भाजपा के थे, जबकि दो सीटें अन्य ने जीती थीं। बहरहाल, झारखंड विधानसभा की 81 में से 43 सीटों पर बुधवार को मतदान होगा।

## उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की दोबारा जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिव सेना (यूबीटी) के सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की 24 घंटे में दूसरी बार चेकिंग हुई। उद्धव मंगलवार को उस्मानाबाद में औसा सीट पर प्रचार करने गए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के कर्मचारियों ने उनके हेलीकॉप्टर की चेकिंग की। इससे एक दिन पहले सोमवार, 11 नवंबर को यवतमाल के वनी हवाईअड्डे पर उनके बैग की जांच की गई थी। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर उद्धव ठाकरे नाराज हो गए थे। उन्होंने मंगलवार को कहा- पिछली बार जब पीएम मोदी के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई थी, तब ओडिशा में एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था। आपने मेरे बैग की जांच की, कोई बात नहीं, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए। उद्धव ने अधिकारियों के बैग चेक करने का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने कहा- मेरा बैग चेक कर लीजिए। चाहे तो मेरा यूरिन पॉट भी चेक कर लीजिए, लेकिन अब मुझे मोदी के बैग चेक करते हुए भी आप लोगों का वीडियो चाहिए। वहां आप अपनी पूंछ मत झुका देना। यह वीडियो मैं रिलीज कर रहा हूं। बाद में उद्धव ठाकरे के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा- 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सत्तारूढ़ दल भाजपा के प्रमुख नेताओं के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई थी।

## मणिपुर में दो शव मिले, छह लापता

**सोमवार को हुई गोलीबारी और 10 उग्रवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को दो शव मिले।**

**इम्फाल** ■ नया इंडिया ब्यूरो

पिछले डेढ़ साल से जातीय हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में फिर से खूनखराबा शुरू हो गया है। सोमवार को हुई गोलीबारी और 10 उग्रवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को दो शव मिले हैं और खबर मिली है कि छह लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार, 12 नवंबर को जिन दो लोगों के शव मिले हैं वे मैती समुदाय के बुजुर्गों के हैं। ध्यान रहे सोमवार को पुलिस और सीआरपीएफ की कार्रवाई में 10 संदिग्ध कुकी उग्रवादी मारे गए थे।

बहरहाल, पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की मुठभेड़ के बाद से तीन महिलाएं और तीन बच्चे लापता हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बल लापता लोगों का पता लगाने के लिए अभियान चला रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जिरिबाम के जकुराधोर करोंग इलाके में दो बुजुर्ग व्यक्तियों के शव मलबे





से बरामद किए गए। इस इलाके में उग्रवादियों ने सोमवार को कुछ दुकानों में आग लगा दी थी। पुलिस से मुठभेड़ में आग लगाए जाने की घटना के बाद कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दी गई थी।

मणिपुर पुलिस ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुठभेड़ में मारे गए 10 लोगों के पास असम की सीमा के पास जिरिबाम के प्रभावित इलाके में अराजकता फैलाने के लिए हथियार और गोला बारूद था। मणिपुर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इम्फाल में बताया- सुरक्षा बलों ने लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। लापता लोगों में तीन महिलाएं और तीन बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि अगर गोलीबारी की गई तो असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल जवाबी कार्रवाई करेंगे।

सुरक्षा कर्मियों के साथ सोमवार की मुठभेड़ में संदिग्ध उग्रवादियों के मारे जाने के विरोध में पहाड़ी क्षेत्र के कुकी जो बहुल इलाकों में मंगलवार सुबह पांच बजे से ही बंद रखा गया था। गोरतलब है कि सोमवार को मारे गए संदिग्ध उग्रवादियों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी और अत्याधुनिक हथियारों से लेस थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने जिरिबाम जिले में एक पुलिस स्टेशन और उसके पास के सीआरपीएफ कैंप पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए।

## कांग्रेस और सहयोगियों पर मोदी का हमला

**मुंबई** ■ नया इंडिया ब्यूरो

विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को एक बार फिर महाराष्ट्र पहुंचे। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर के चिमूर में चुनावी रैली की और कांग्रेस व उसकी सहयोगी पार्टियों पर हमला किया। मोदी ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कांग्रेस उसकी सहयोगी पार्टियां इसे वापस लाना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को देश को पीछे ले जाने वाला बताया।

उन्होंने कहा- कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का और कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हमने जम्मू कश्मीर से 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है।

प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा- हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औद्योगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। उन्होंने कहा- कांग्रेस और अघाड़ी वाले देश को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।

मोदी ने कहा- जम्मू कश्मीर दशकों तक अलगाववाद, आतंकवाद में जलता रहा। महाराष्ट्र के कितने ही वीर जवान मातृभूमि की रक्षा करते करते जम्मू कश्मीर की धरती पर शहीद हो गए। जिस कानून की आड़ में, जिस धारा की आड़ में ये सब हुआ, वो धारा थी 370। ये कांग्रेस की देन थी। उन्होंने कहा- हमने 370 को खत्म किया।

## मस्क की बल्ले, बल्ले!



श्रुति व्यास

पिछले कुछ महीनों से ट्रंप के साथ अगर कोई जबरदस्त जुगलबंदी कर रहा था तो वे थे एलन मस्क। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान सबसे बढ़-चढ़कर लफ्फाजी करने वालों में मस्क अग्रणी थे। ट्रंप की एक रैली में उछल-कूद मचाते हुए उन्होंने दावा किया था कि वे न केवल मागा (A MAGA) हैं बल्कि वे एक बर्बर डार्क गौथिक मागा हैं।

ट्रप के पक्ष में माहोल बनाने के लिए मस्क ने 'एक्स' का भरपूर इस्तेमाल किया। उन्होंने ट्रंप समर्थकों और उनकी टीम को अपनी बात कहने के लिए एक्स का मंच दिया। मस्क ने खुद के एक्स एकाउंट पर जो रोगन के साथ उनके उस पॉडकास्ट का प्रसारण किया जिसमें वे मागा और डोनाल्ड ट्रंप का गुणगान कर रहे हैं और यह बता रहे हैं कि वे ट्रप के कितने



बड़े मुरीद हैं। गोरतलब है कि एक्स पर मस्क के 20 करोड़ फालोअर हैं। मस्क ने अमेरिका के स्विंग राज्यों (वे राज्य जहाँ दोनों पार्टियों के समर्थकों की संख्या लगभग सामान है) में पंजीकृत प्रत्येक मतदाता को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हथियार रखने के अधिकार के पक्ष में एक याचिका पर हस्ताक्षर करने के बदले 47 डालर देने की घोषणा भी की थी।

सीधे शब्दों में कहा जाए तो उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का पूरा समर्थन किया और उनके चुनावी अभियान पर अपना धन भी लुटाया। उन्होंने अपने प्रभाव और अपने अकूत धन, दोनों को ट्रप को समर्पित कर दिया।

जाहिर है कि वे परोपकार तो कर नहीं रहे थे। अब वे यह उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके समर्थन का ईनाम उन्हें मिलेगा। वे चाहेंगे कि टेस्ला,स्पेस एक्स और उनके अन्य कारोबारों में हो रही गड़बड़ियों को नियामक संस्थाएं नजरअंदाज करें या कम से कम उन पर सख्त रूख अख्तियार न करें।ट्रप ने भी दरियादिली दिखाई और जीत बाद दिए गए भाषण में कहा, "एक नए सितारे का उदय हो गया है जिसका नाम है एलन"। इसके फौरन बाद टेस्ला का शेयर करीब 15 प्रतिशत चढ़ गया और उस दिन वह एसएंडपी सूचकांक के सबसे ज्यादा बढ़ने वाले शेयरों में से एक बना।

-शेष हाल-फिलहाल पेज पर

## प्रयागराज में दूसरे दिन 20 हजार छात्रों का प्रदर्शन



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यानी यूपीपीएससी के कार्यालय के बाहर मंगलवार को 20 हजार छात्रों ने प्रदर्शन किया। एक दिन पहले सोमवार को 10 हजार छात्र प्रदर्शन कर रहे थे, जिन पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसके बावजूद छात्र डटे रहे। उन्होंने रात भर प्रदर्शन किया और अगले दिन प्रदर्शन कर रहे छात्रों की संख्या दोगुनी हो गई। छात्रों ने यूपीपीएससी से बात करने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि एक दिन में और एक सत्र में परीक्षा आयोजित करने की अधिसूचना जारी हो तभी बातचीत होगी।

असल में छात्र चाहते हैं कि पीएससी और आरओ व एआरओ की परीक्षा दो दिन की बजाय एक दिन में और एक सत्र में कराया जाए और अंकों का मानकीकरण नहीं किया जाए। गोरतलब है कि यूपीपीएससी ने परीक्षा का कार्यक्रम घोषित करने के बाद बदलाव करते हुए इसे दो दिन में कराने का फैसला किया। जब कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा दो दिन में होगी तो प्रश्नपत्र की डिफिकल्टी के स्तर के हिसाब से अंकों का मानकीकरण करना पड़ता है। छात्र इसका विरोध कर रहे हैं।

बहरहाल, प्रयागराज में यूपीपीसीएस के सामने 20 हजार छात्रों ने थाली बजाकर विरोध जताया। वे बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। इतना ही नहीं, छात्रों ने आयोग के मेन गेट पर कालिख से 'लूट सेवा आयोग' लिख दिया और आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत की शव यात्रा निकाली। पुलिस यह सब देखती रही। छात्रों के प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

इस बीच, छात्रों के प्रदर्शन पर सियासत भी शुरू हो गई है। राज्य के उप मुख्यमंत्री केशव मोर्य छात्रों के समर्थन में उतर आए। उन्होंने कहा- अधिकारी छात्रों की मांगों को संवेदनशीलता से सुनें और जल्दी समाधान निकालें।

# हंस जयंती महोत्सव मनाया, प्रेम रावत ने दिया प्रेरणादायक शांति संदेश

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

दिल्ली। राज विद्या केंद्र, दिल्ली में सुबह और शाम चार सत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें श्री हंस जी महाराजी की 124 वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर प्रेम रावत ने भारत के विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रोताओं के भारी जनसैलाब को संबोधित किया। उनका मानवता और शांति का सन्देश सरल और रोचक होने के साथ सभी श्रोताओं को गहराई से जोड़ने वाला था। वे अपने संदेश के माध्यम से एक आकर्षक व व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, जो सभी के लिए प्रेरणा स्रोत का काम करता है। इस कार्यक्रम का टाइमलेस टुडे ऐप और अंजन टीवी चैनल के माध्यम से भी लाखों दर्शकों ने घर बैठे आनंद लिया। प्रेम रावत ने अपने संबोधन में कहा, %जब अँधेरा हो जाये आपके जीवन में और ऐसा लगे कि हर एक चीज ने आपको छोड़ दिया है, पर अगर आपका स्वांस आपके अंदर आ रहा है और जा रहा है, तो वह शक्ति जो सारे विश्व को चला रही है, उसने आपको नहीं छोड़ा है। वह हमेशा आपके साथ है। अगर सारी चीजें आपके विपरीत हो जाये, पर अगर वह चीज आपके साथ है तो सबकुछ ठीक है। आपको किसी चीज से डरने की जरूरत नहीं है। प्रतिभागियों द्वारा प्रेम रावत की मानवता और शांति आधारित इस संदेश को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने की पहल को अद्वितीय बताते हुए कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन किए जाने की इच्छा जताई गई। प्रतिभागियों के अनुसार वर्तमान परिवेश में मानवता व शांति के लिए किए जाने वाले



प्रयास अति महत्वपूर्ण हैं और यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आपको जाने और जीवन को सचेत होकर जीयें, तो अवश्य ही यह पृथ्वी रहने के लिए एक बेहतर जगह बन सकती है। प्रेम रावत एक विश्व प्रसिद्ध बेस्ट सेलर लेखक भी हैं, जिन्होंने 8 साल की छोटी उम्र से ही अपने मार्गदर्शक श्री हंस जी महाराज की इच्छा व आज्ञा के अनुसार व्यक्तिगत शांति और मानवीय एकता का संदेश फैलाने हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस कार्यक्रम में श्री हंस जी महाराज व प्रेम रावत की इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के अथक प्रयासों की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को जीवन के हर पड़ाव पर अपने अस्तित्व के लिए कृतज्ञ होने तथा अपने अंदर विराजमान आनंद की संभावना को तलाशने के लिए प्रेरित किया गया। मानवता और शांति के प्रति प्रेम रावत जी के अटूट समर्पण को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के माध्यम से मान्यता दी गई है। 2023 में, उन्हें लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और गया (बिहार) में उनके प्रभावशाली कार्यक्रमों के लिए दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। प्रेम जी को अपने काम के लिए दुनिया भर के 20 से अधिक शहरों की चांबियों और कई पुरस्कार मिले हैं। 2012 में, उन्हें एशिया पैसिफिक ब्रांड लॉरिएट लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, इस सम्मान से सुसज्जित प्रतिष्ठित शख्शियतों में दिवंगत नेल्सन मंडेला भी शामिल हैं। अपने संदेश की चर्चा के अलावा, वे एक परोपकारी संस्था ÷द प्रेम रावत फाउंडेशन÷ का भी संचालन करते हैं। इस संस्था के अनेक योजनाओं में से एक है ÷जनभोजन योजना। यह योजना रांची में नियमित रूप से चलायी जा रही है। इसके अलावा घाना और नेपाल में भी लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा यह संस्था विपदा के समय भी जरूरतमंद लोगों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य कर रही हैं।

भारत में प्रेम रावत के प्रेरणादायी संदेश आधारित कार्यक्रम नियमित रूप से राज विद्या केंद्र द्वारा अपने 5000 से अधिक सेंटर्स के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं। राज विद्या केंद्र एक पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठन है, जो प्रेम रावत की मानवता व शांति आधारित पहलों को बढ़ावा देने व उनका प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रतिबद्ध है।



## जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह में छात्र छात्राओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**ग्वालियर।** जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के गालव सभागार में दिनांक 10 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच पर किया और पुरस्कार प्राप्त किया महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्रश्न मंच टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष में स्तुति बुधौलिया ने द्वितीय स्थान एवं पोस्टर मेकिंग में छात्रा यशोधरा तिवारी ने द्वितीय स्थान एकल वादन (तबला) के छात्र फरदीन अहमद ने द्वितीय स्थान हास्य नाटिका(स्किट) मैं द्वितीय रंगोली में छात्र यशोधरा तिवारी ने द्वितीय एवं क्ले मॉडलिंग की छात्रा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया महाविद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरीश अग्रवाल वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पुरुषोत्तम गौतम डॉ आर सी गुप्ता ने युवा उत्सव समिति एवं सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी है

भगवान के प्रेम को पाने के लिए गोपीभाव जरूरी- अंकित शास्त्री

## करौली मैया मंदिर पर श्रीमद्भागवत, रामलीला, श्रीराम नवकुंडीय महायज्ञ



ग्वालियर। भगवान के प्रेम को पाने के लिए गोपीभाव होना जरूरी है। गौ यानि इंद्रियां और पी यानि पीना। जो अपने कामनाओं का दमन कर लेता है,वही गोपी कहलाता है। यह विचार पं अंकित शास्त्री ने महलगांव क रौली मैया मंदिर स्थित आयोजित हो रही



श्रीमद्भागवत कथा के छंठवे दिवस बुधवार को व्यक्त किया। कुंवर महाराज के सानिध्य में यहां इन दिनों सुबह श्रीराम नवकुंडीय महायज्ञ, दोपहर में श्रीमदभागवत एवं रात्रि में भगवान श्रीराम की लीला का मनोहारी मंचन हो रहा है,जिसमें महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज क ी मौजूदगी में अलग-अलग समय पर सैकड़ों श्रदधालु जुट रहे हैं। पं अंकित शास्त्री ने गोपीगीत का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जब असंख्य रूप बनाकर हर गोपी के साथ अलग-अलग नृत्य किया तो उन्हें भी अभिमान हो गया कि कन्हैया हमारे बगैर नहीं रह सकता,लेकिन भगवान के गोपियों के अभिमान का शमन कर उन पर कृपा की। संसार में सबसे बढ़कर मां का प्रेम.... मां के प्रेम का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि मां के हाथों से बना भोजन किसी फाइव स्टार होटल में होटल से ज्यादा स्वादिष्ट होता है,क्योंकि उसमें मां का प्रेम मिश्रित होता है। पेट भर जाने के बाद भी मां आखिर में जो एक रोटी लाती है, उसे हम मना नहीं कर पाते, क्योंकि उसमें मां का प्रेम होता है। जब हम मां से दूर होते हैं तो मां के हाथ की रोटी याद आती है। जो मां हमें पोषित करती है, सदा उसका सम्मान करें, क्योंकि यह कार्य भी ईश्वरतुल्य ही होता है। कल के लिए जल बचाने जरूरी उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने जो वस्तुएं हमें उपहार में दी हैं, हम उनके संरक्षण करें। जल है तो कल है। जल के बिना जीवन संभव नहीं हैं, इसलिए इसको व्यर्थ में नष्ट न करें और जितनी जरूरत है उतना ही उपयोग करें। गुरूवार को विश्राम दिवस सुदामा चरित्र की कथा होगी।

## धूमधाम ने मनाया गया बाबा खाटू श्याम का जन्मदिन

### भक्तो ने महाआरती,56 भोग की झांकी, व ज्योत के किये दर्शन

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**





दबोह। दबोह नगर में मुख्य मार्ग कोंच रोड पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में सबसे पहले बाबा श्याम का तरह तरह के फूलों से श्रृंगार किया गया।उसके बाद बाबा का मनमोहक भव्य दरबार सजाया गया।तदोपरांत शाम 07 बजे विधिविधान से बाबा के जयकारों के साथ महाआरती की गई का।उसके बाद श्याम प्रेमियों व धर्मप्रेमियो ने बाबा की 56 भोग की झांकी,इत्र वर्षा व ज्योत दर्शन किये।महाआरती के बाद भक्तों को भोजन प्रसादी वितरण कराई गई,जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।वहीं कार्यक्रम में महिलाओं ने श्याम भजनों से पूरे वातावरण को भक्ति में डूबने पर मजबूर कर दिया।यह आयोजन नगर की सामाजिक व धार्मिक कार्य करने वाली गैर रजिस्टर्ड संस्था श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल व समस्त नगर वासियों के सहयोग किया गया।

## पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों का धरना को एसडीम द्वारा अलग सेल बनाने के आश्वासन पर हुआ समाप्त

### जिला प्रशासन की तरफ से शहीद परिवार से जताया खेद

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा तीन दिन से चला आ रहा धरना आज समाप्त हो गया कलेक्टर भिंड बताया गया कि छुट्टी पर चले गए हैं तभी एसडीएम भिंड अखिलेश शर्मा ने धरना स्थल पर पहुंच कर शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों से जिला प्रशासन की तरफ से किसी भी तरह के अपमान के लिए खेद जताया और कहा में खुद आर्मी स्कूल में पड़ा हूं , सैनिक हमारे लिए सर्वोपरि है उन्होंने 15 दिन के अंदर सैनिकों शहीद परिवारों की समस्याओं राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के लिए अलग सेल बनाने को लेकर आश्वासन दिया और शहीद पवन भदौरिया शौर्य चक्र के पिताजी की 10 लाख की सम्मान राशि को लेकर कार्यवाही की बात कही,प्रेस को जारी विज्ञप्ति में भूतपूर्व सैनिक संघ जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राकेश सिंह कुशवाह रिटायर्ड ने बताया कि कलेक्टर साहब छुट्टी चले गए हैं,लेकिन हम उनसे सैनिकों शहीद परिवारों के



सम्मान की अपेक्षा रखते हैं,अगर 15 दिन के अंदर हमारी समस्याओं का हल नहीं निकला तो हम लोगो को अपने वीरता पदक मेडल सरकार को वापिस करने का निर्णय लेना पड़ सकता है हमारा कार्य राष्ट को मजबूत करना है, अनुशासन बनाए रखना है उम्मीद है प्रशासन हमारी समस्याओं को हल करने की दिशा में प्रयास करेगा।

संभागीय अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर ने धरना समाप्ति की घोषणा की इस अवसर पर ग्वालियर भिंड हाइवे आंदोलन से जुड़े । सुनील फौजी कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर सिंह भदौरिया,कैप्टन हुकुम सिंह,पुष्पराज सिंह,जयदीप सिंह फौजी सरकार ,राममिलन भदौरिया , एन के शर्मा ,शिवरतन सिंह,रामावतार सिंह,राजकुमार सिंह,राजाराम सिंह ,राधे श्याम ,रामजीलाल दंडोतिया शिवरतन सिंह,सतेंद्र सिंह शिवेंद्र सिंह,प्रदीप ,राम आसरे शर्मा ,रामजीलाल बघेल,पिंटू सिंह तोमर ,शिवमंगल सिंह ,रामनरेश जाटव,राजेश शर्मा ,निरंजन सिंह ,लछ्मन सिंह राम रूप सिंह रघुवीर सिंह भदौरिया,राजबहादुर सिंह सहित कई पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## उपस्वास्थ्य केंद्र की, शासकीय भूमि की ओर दरवाजा करने पर दिया नोटिस

### कार्यालय ग्राम पंचायत थरा ने नोटिस जारी कर 5 दिवस में अतिक्रमण हटाएं

*अंबाह। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण व उप स्वास्थ्य केंद्र की ओर घर का दरवाजा व उसकी शासकीय जमीन पर दरवाजा करने के खिलाफ मंगलवार को ग्राम पंचायत की ओर से गजेंद्र सिंह परमार उर्फ गुटई को नोटिस जारी कर अवगत कराया गया है और नोटिस में बताया गया है की पांच दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाएं अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी हम आपको बता दें इसकी सीएम हेल्पलाइन व एसडीएम स्तर से भी शिकायत है की जा चुकी हैं।*

## प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं उनके स्वरूप की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



*निमाड़ उत्सव 2024-25 की तैयारियों को लेकर 13 नवंबर को महेश्वर न तयगर के शासकीय और शासकीय विद्यालय के प्राचार्य एवं महेश्वर विकासखंड के संकुल प्राचार्यों की बैठक शासकीय सीएम राइज स्कूल महेश्वर में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार कानुडे खेल एवं कल्याण अधिकारी श्रीमती पवी दुबे, सहायक संचालक शिक्षा विभाग सोनालिका आचाले, जिला पंचायत खरगोन के श्री नीरज अमजरे, श्री हबीब बेग मिर्जा क्रीडा निरीक्षक शिक्षा विभाग विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश्वर श्री वर्मा विकासखंड स्त्रोत महेश्वर श्री गुप्ता एवं सीएम राइज महेश्वर के प्राचार्य श्री गुप्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 15 से 17 नवंबर 2024 तक निमाड़ उत्सव का आयोजन महेश्वर नगर में किया जाएगा। निवाड़ उत्सव के दौरान कबड्डी बालक बालिका, कुश्ती बालक बालिका, खेल प्रतियोगिताओं सहित मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, नौका सजा प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं उनके स्वरूप की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महेश्वर विकासखंड के संकलन के प्राचार्य एवं खेल समन्वयक श्री पंकज बर्डे, मूस्ताक खान, डेनियल रॉबर्ट आदि खेल शिक्षक भी उपस्थित थे। प्रतियोगिताओं मे सहभागिता के लिए पंकज बर्डे 9981665444 से सम्पर्क कर सकते हैं।*

## श्री रामकथा के बाद रामलीला का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । एसएएफ 17 वी बटालियन माता मंदिर प्रांगण पर आयोजित हो रही श्री राम कथा अमृत महोत्सव में अष्टम दिवस की श्री राम कथा मैं व्यास जी महाराज के रूप में अनंत श्री विभूषित हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेन्दराचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम द्वारा श्री रामकथा का वाचन किया जा रहा है,आज आठवे दिन की कथा के बाद रामलीला का भी मंचन किया गया । रामलीला का मंचन आदर्श कला मंडल ग्राम जामपुरा के कलाकारों के द्वारा आयोजन किया गया,जिसमें पुष्प वाटिका रावण बाणासुर संवाद धनुष यज्ञ,सीता स्वयंवर,लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला दिखाई गई,जिसे देखकर सभी श्रद्धालु और श्रोता मगनमुग्ध हो गए। ग्राम जामपुरा के सभी युवा कलाकारों के द्वारा जोरदार प्रस्तुति दी गई।

## कलेक्टर ने की श्रम, सामाजिक न्याय, पंचायत एवं राजस्व विभाग के सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षाय

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने 13 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के श्रम, सामाजिक न्याय, पंचायत, राजस्व विभाग एवं महिला बालव विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या एवं उप संचालक सामाजिक न्याय श्री धर्मेन्द्र गांगले भी उपस्थित थे।

बैठक में श्रम विभाग की अन्त्येष्टि सहायता, अनुग्रह सहायता, समग्र आईडी निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, ग्रामों की नल जल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, स?क सुधार एवं राजस्व विभाग के सीमांकन, नामांकन एवं बंटवारा संबंधी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 50 दिन से अधिक एवं 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का 02 दिनों के भीतर निराकरण करें। शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ होना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक शिकायतकर्ता से सम्पर्क करने कहा गया। समाधान ऑनलाइन में आने की संभावना वाली हितग्राही मूलक शिकायतों में बजट उपलब्ध होने पर तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग करें। हितग्राहीमूलक योजनाओं का कोई भी प्रकरण समाधान ऑनलाइन में शामिल होगा तो इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार माने जाएंगे।

अपनी बात
संपादकीय

# क्या मणिपुर बेकाबू है?

*अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम नाकामियों के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।*

मणिपुर में हफ्ते भर के अंदर जैसी हिंसा हुई है, उनसे यह सहज सवाल उठता है कि क्या इस राज्य पर किसी का नियंत्रण नहीं है? वारदात ने जैसा मोड़ लिया है, उससे भविष्य के लिए गहरी आशंकाएं पैदा होती हैं। सोमवार को कुछ उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के जाकुरोदोर कारोंग में पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की। सुरक्षा बलों की वर्दी में आए इन उग्रवादियों ने एक सीआरपीएफ कैंप पर भी निशाना साधा। साथ ही उग्रवादियों ने पास के मार्केट में गोलीबारी की, कई दुकानों को जला डाला और कुछ मकानों को भी निशाना बनाया। उसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। उनके मुताबिक उनकी कार्रवाई में दस "उग्रवादी" मारे गए। जबकि कुकी-जो काउंसिल का दावा है कि मारे गए लोग "ग्रामीण स्वयंसेवक" थे।

हमार स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने दावा किया है कि 11 हमार "ग्रामीण स्वयंसेवकों" को मार डाला गया है। कुकी-जो काउंसिल ने उस इलाके में मंगलवार को दिन भर के बंद का आह्वान किया है। साफ है, स्थिति सुलगी हुई है। पिछले हफ्ते जैरोन गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में एक महिला की जान गई थी और कई घर जला डाले गए थे। गौरतलब है कि इम्फाल घाटी में जारी हिंसा से लगभग साल भर तक जिरीबाम जिला अछूता रहा था। लेकिन गुजरे जून में एक किसान का शव मिलने के बाद से यह भी चपेट में आ चुका है। सबसे अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम संदिग्ध भूमिकाओं के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर सत्ताधारी दल को पराजित कर जनता ने जो संदेश दिया, उससे भी सुनने या समझने का प्रयास केंद्रीय नेतृत्व ने नहीं किया। इससे धारणा बनी है कि मणिपुर के ताजा हालत सिर्फ प्रशासनिक नाकामी और अकुशलता का परिणाम नहीं हैं। शक गहराया है कि इसके पीछे अवांछित राजनीति की भूमिका भी हो सकती है। इसके हानिकारक परिणाम हमारे सामने हैं। उधर स्थितियां और भी खतरनाक मोड़ लेती दिख रही हैं।

# निष्पक्ष दिखना जरूरी है

*देश के कानून का उल्लंघन करने वाली कंपनी को अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, ऐसे कदम उठाते समय जांच एजेंसियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष रहें, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।*

ई-कॉमर्स क्षेत्र की फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसी कंपनियों ने भारतीय कानून को तोड़ा हो, तो बेशक उन पर प्रावधान के अनुरूप सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ये दोनों अमेरिकी स्वामित्व वाली कंपनियां हैं (फ्लिपकार्ट में लगभग तीन चौथाई हिस्सा वॉलमार्ट का है)। भारत के ई-कॉमर्स बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा उनके पास ही है। एक अनुमान के मुताबिक 70 बिलियन डॉलर के इस बाजार में फ्लिपकार्ट का हिस्सा 32 और अमेजन का 24 फीसदी है। खबर है कि प्रवर्तन निदेशालय ने इनके विक्रेताओं पर छापा मारा। उसके बाद इन कंपनियों के अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी निवेश संबंधी कानून का उल्लंघन किया। इस कानून के तहत विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियां विक्रेताओं के बीच भेदभाव नहीं कर सकतीं। साथ ही ये विक्रेताओं से सामान खरीद कर अपना भंडार नहीं बना सकतीं। अमेजन और फ्लिपकार्ट का कहना है कि उन्होंने किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया। मगर ईडी का दावा है कि उसके पास इन कंपनियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं। निर्विवाद है कि हर कंपनी- चाहे वो देशी हो या विदेशी- उसे सख्ती से देश के कानून का पालन करना चाहिए। कोई कंपनी ऐसा नहीं करती, तो उसे अवश्य ही दंडित किया जाना चाहिए। बहरहाल, जांच एजेंसियों को ऐसे कदम उठाते समय यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ना सिर्फ निष्पक्ष हों, बल्कि निष्पक्ष दिखें भी।

इस संदर्भ में यह बात इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि गुजरे वर्षों में ऐसी धारणा (जो संभव है कि निराधार हो) बनी है कि भारत सरकार के कुछ पसंदीदा उद्योग घराने हैं और जब उनके हित किसी विदेशी (या देशी) कंपनी से टकराते हैं, तो जांच एजेंसियां अति सक्रिय हो जाती हैं। अतीत में वर्तमान सरकार से ही जुड़े रहे कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस धारणा को भारत में विदेशी निवेश के रास्ते में मौजूदा रुकावटों में एक बताया है। यह समय अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए प्रतिकूल है। इस वर्ष भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारी गिरावट आई है। इस हाल में उपरोक्त धारणा को तोड़ना अत्यधिक आवश्यक हो गया है। आशा है, ईडी इस अपेक्षा के प्रति जागरूक होगी।

# साहित्य जगत में हंगामा क्यों मचा है?



■ विमल कुमार

*पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवम संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है।...साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?*

पिछले कुछ दिनों से हिंदी साहित्य की दुनिया में हंगामा बरपा हुआ है। एक टीवी चैनल के साहित्यिक कार्यक्रम में लेखकों के साथ-साथ बॉलीवुड के सितारों को बुलाए जाने के कारण सोशल मीडिया पर यह हंगामा मचा हुआ है। इस बीच पिछले दिनों दो लेखक संगठनों के दो पदाधिकारियों ने इस्तीफा भी दे दिया, जिससे इस मामले ने अधिक तूल पकड़ लिया। एक लेखक के बारे में कहा जा रहा है कि उसने टीवी चैनल के साहित्योत्सव में जाने पर अपने मित्र लेखक द्वारा तंज किए जाने के कारण इस्तीफा दिया है।

जो लोग इस तरह के समारोहों में जा रहे हैं उनका तर्क है कि लेखकों को हर मंच पर जाना चाहिए और इस तरह जनता से जुड़ना चाहिए क्योंकि हमारे लेखक संगठन जनता से नहीं जुड़े हैं। इन लेखकों का कहना है कि हम किसी भी मंच पर जाएं लेकिन हमें अपनी बात खरी-खरी कहनी चाहिए। लेकिन जो लोग इस टीवी चैनल के साहित्योत्सव के विरोधी हैं उनका तर्क है कि अगर बॉलीवुड के लोगों को बुलाना है तो साहित्य की आड़ में यह क्यों किया जा रहा, इसे 'साहित्य आज तक' की बजाय 'मनोरंजन आज तक' के नाम से किया जाए।

आखिर साहित्य के जलसे में आइटम गर्ल को क्यों बुलाया जा रहा। उनका तर्क यह भी है कि इस तरह के टीवी चैनलों के मंच सांप्रदायिक लोगों द्वारा संचालित हैं और वह साहित्य को बाजार बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए उनके मंच से उनके खिलाफ बात नहीं कहीं जा सकती और अगर किसी ने कहा भी तो उसका व्यापक असर नहीं होने वाला है क्योंकि ज्यादातर वक्ता बाजार के समर्थक ही हैं।




पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवम संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है। अब हिंदी के लेखकों में ध्रुवीकरण भी हो गया है। लेखिकाओं में भी विभाजन हो गया है। एक वर्ग आइटम गर्ल को बुलाए जाने का समर्थक है तो एक वर्ग विरोधी। इस तरह साहित्य की दुनिया में इन दिनों उथल-पुथल अधिक है। हिंदी के लेखकों का एक धड़ा, जिनमें कुछ प्रगतिशील और कलावादी भी हैं, वह इस समारोह में भाग ले रहा है, जबकि एक धड़ा उसका लगातार विरोध कर रहा है।

भाग लेने वालों में पुरुषोत्तम अग्रवाल, अरुण कमल और गौहर राजा जैसे लोग हैं तथा बाबुषा कोहली, अनुराधा सिंह और लवली गोस्वामी एवम जोशना बनर्जी जैसी कवयित्रियां भी। कुछ साल पहले इसी टीवी चैनल के साहित्यिक कार्यक्रम में हिंदी के प्रगतिशील जनवादी कवि राजेश जोशी के भाग लेने पर काफी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। लेकिन इसके बावजूद जनवादी लेखक इस समारोह में जाते रहे। अब प्रगतिशील लेखक संगठन ने पिछले दिनों चंडीगढ़ में एक प्रस्ताव पारित कर कॉरपोरेट के समारोहों में भाग लेने से लेखकों को मना किया है। पर दो अन्य वाम लेखक संगठनों ने इस तरह का प्रस्ताव नहीं पारित किया है।

आखिर क्या कारण है कि इस तरह के आयोजन को लेकर हिंदी में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है? पिछले 10-15 वर्षों से हिंदी में लिट् फेस्ट की संख्या काफी बढ़ी है और उनमें हिंदी के लेखक बुलाए जा रहे हैं। कहा यह जा रहा है कि जिन लोगों को लिट् फेस्ट में नहीं बुलाया जा रहा है वह अपनी कुंठा के कारण उसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन हिंदी जगत में कुछ ऐसे लेखक हैं, जो ऐसे मंचों पर कभी जाते ही नहीं। वह इन मंचों को तमाशाई, अगम्भीर, उत्सव धर्मी अधिक मानते हैं। इन मंचों से कायदे की कोई बात नहीं कहीं जा सकती है और न सुनी जा सकती है। लेकिन लेखकों का एक तबका यह कहता है कि हमें बाजार से परहेज नहीं करना चाहिए। आखिर हमारी किताबों को बाजार में ही बिकना है इसलिए अगर हम अधिक से अधिक बाजार तलाशेंगे तो अधिक पाठकों तक पहुंचेंगे।

शायद यही कारण है कि सोशल मीडिया पर आज का लेखक अपनी किताब का खुद प्रचार-प्रसार करता हुआ दिख रहा है। हिंदी में ऐसे भी लेखक हैं जो यह काम नहीं करते हैं और यह मानते हैं कि किताब का प्रचार-प्रसार करना प्रकाशक की जिम्मेदारी है ना कि लेखक की। इससे पहले हिंदी के लेखक अपनी किताबों का इस तरह प्रमोशन नहीं करते थे और प्रचार नहीं करते थे। यह सारी जिम्मेदारी पहले प्रकाशक की थी। ऐसे में लेखक प्रकाशक का यह काम क्यों कर रहे हैं?

दरअसल बाजार और पूंजी ने सब कुछ उलट-पुलट दिया है। पहले उसने राजनीति को अपने चंगुल में लिया, फिर मीडिया को लिया और अब साहित्य को अपने चंगुल में ले रहा है। पर यह भी सच है कि हिंदी के लेखक भी जनता से कट गए हैं और लेखक संगठन संकीर्ण और कट्टर होने के कारण दूसरी विचारधारा के लेखकों को अपने मंच पर नहीं बुलाते, अपनी पत्रिकाओं में नहीं छापते। इसलिए हिंदी में लेखकों का एक वर्ग इस बात की शिकायत करता रहा है कि आखिर वह किस मंच पर जाए और अपनी बात कहे। लेकिन इस पूरी बहस में एक बात उभर कर आ रही है कि लेखक भी पूंजी के इस खेल में फंस गया है। ऐसे में हिंदी के साहित्यकार क्या करें उनके पास कोई ऐसा बड़ा मंच नहीं है जहां से वे जनता से जुड़ सकें।

इस बहस में यह सवाल भी उठ रहा है कि अगर हिंदी के लेखकों को जनता से जुड़ना ही है तो वे किसान आंदोलन में क्यों नहीं जाते? वे मजदूर आंदोलन में क्यों नहीं भाग लेते? वे अपने मोहल्ले कॉलेज और स्कूलों में रचना पाठ की परंपरा को शुरू क्यों नहीं करते? किसी मीडिया समूह के साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?

## राजरंग

### केजरीवाल नए लोगों को टिकट देंगे

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तीन महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगे हैं। उनकी पदयात्राएं चल रही हैं और मनीष सिसोदिया सहित दूसरे कई नेता भी जमीन पर काम कर रहे हैं। इस बीच खबर है कि केजरीवाल बड़ी संख्या में विधायकों की टिकट काटने वाले हैं। उन्होंने अपनी सभाओं में इसका संकेत देना भी शुरू कर दिया है। असल में केजरीवाल की पार्टी के ज्यादातर विधायक लगातार दो या तीन बार से चुनाव जीत रहे हैं। इससे उनके खिलाफ एंटी इन्कम्बेंसी है तो लगातार तीन बार से सरकार बना रहे केजरीवाल के खिलाफ भी सत्ता विरोधी माहोल है।

अब केजरीवाल खुद को तो बदल नहीं सकते हैं आखिर व पार्टी के सुप्रीमो हैं और पहले ही कह दिया गया है कि आतिशी थोड़े दिन के लिए सीएम बनी हैं। चुनाव के बाद फिर केजरीवाल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। इसलिए केजरीवाल की सरकार के खिलाफ जो भी एंटी इन्कम्बेंसी है उसे दूर करने के लिए विधायकों पर गाज गिरेगी। बताया जा रहा है कि केजरीवाल के यहां करीब 30 विधायकों की सूची बनी है, जिनके बारे में कहा जा रहा है कि ये चुनाव नहीं जीत सकते हैं। इन सबकी टिकट केजरीवाल काट सकते हैं। इस बार उन्होंने नए लोगों की पहचान की है, जिनको चुनाव लड़ाया जाएगा। नए उम्मीदवार चुनने की कसौटी यही है कि वे पार्टी के लिए काम करते हों और सामान्य पृष्ठभूमि के हों। केजरीवाल इस बार थोड़े से टिकट दूसरी पार्टियों से आने वाले नेताओं को भी देंगे। कांग्रेस और भाजपा दोनों से नेताओं को तोड़ कर वे अपनी पार्टी में शामिल करा रहे हैं।

### झारखंड चुनाव भाजपा आलाकमान का

महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और दोनों चुनावों का एक बुनियादी फर्क यह है कि महाराष्ट्र में जहां प्रदेश नेतृत्व चुनाव लड़ा रहा है और गठबंधन की पार्टियां अपना अपना चुनाव लड़ रही हैं वहीं झारखंड में भाजपा का आलाकमान चुनाव लड़वा रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा के पास सिर्फ एक पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस हैं फिर भी उनके पास चुनाव की जिम्मेदारी है, जबकि झारखंड में भाजपा के पास पांच पूर्व मुख्यमंत्री है लेकिन किसी को चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। सब अपना चुनाव लड़ रहे हैं या अपने परिवार के सदस्यों का चुनाव लड़वा रहे हैं। चुनाव के लिए गठबंधन बनाने से लेकर उम्मीदवार तय करने, मुद्दा तय करने और प्रचार करने तक का सारा जिम्मा केंद्रीय नेतृत्व का है।

भाजपा ने चुनाव प्रचार की ऐसी रणनीति बनाई है कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियां हो रही हैं वहां फॉलोअप के लिए दूसरा बड़ा नेता रैली कर रहा है। ऐसा लग रहा है कि चुनाव के बाद जो यह गणित बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ने जहां रैलियां की उनमें से कितनी सीट भाजपा ने जीती, उस औसत को ठीक करने के लिए फॉलोअप रैलियां हो रही हैं। हर सीट पर कोई न कोई केंद्रीय मंत्री प्रचार करने जा रहा है। नरेंद्र मोदी से ज्यादा रैलियां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हो रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी रैलियां हो रही हैं। वे लंबे समय तक झारखंड के प्रभारी रहे हैं और वहां उनकी रिश्तेदारी भी है। इस बार एनडीए ने छह राजपूत उम्मीदवार उतारे हैं तो राजनाथ सिंह के प्रचार का भी बड़ा असर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैलियां भी हो रही हैं। ठाकुर और व्यापक रूप से हिंदू समाज को उनका भाषण अपील करता है।



भाजपा के दोनों चुनाव प्रभारी जी जान से मेहनत कर रहे हैं। सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तो वहां बेस बनाया हुआ है। वे रैलियां, रोड शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। उनके भाषण घनघोर सांप्रदायिक हो रहे हैं। वे कांग्रेस और जेएमएम के मुस्लिम नेताओं के नाम लेकर उनकी तुलना बाबर और औरंगजेब से कर रहे हैं। कट्टर हिंदुवादी मतदाताओं में उनकी अपील बनी है तो किसानों और पिछड़ों के बीच चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने असर बनाया है। केंद्रीय मंत्रियों के अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों की सभाएं हो रही हैं। कुल मिला कर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री या मंत्री चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। कहा जा रहा है कि उपचुनाव निपटने के बाद यानी 13 नवंबर के बाद दूसरे प्रदेश के नेताओं की नई खेप प्रचार में उतरेगी।

इसके उलट प्रदेश के सारे नेता अपना चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी स्वतंत्र रूप से कोई सभा नहीं हो रही है। कोई उम्मीदवार किसी प्रदेश नेता को भेजने की मांग नहीं कर रहा है। प्रदेश के बड़े नेताओं का सिर्फ इतना काम है कि वे प्रधानमंत्री या गृह मंत्री की रैली हो तो वहां मंच पर रहें। यह भी केंद्रीय नेतृत्व की रणनीति है। प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी को अघोषित सीएम दावेदार बाबूलाल मरांडी राज धनवार सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका सीट पर तो पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर सीट पर लड़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास जमशेदपुर पूर्वी सीट से मैदान में हैं। जेएमएम से आए पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन सरायकेला तो उनके बेटे बाबूलाल सोरेन घाटशिला से लड़ रहे हैं। विधायक दल के नेता अमर बाउरी चंदनक्यारी सीट से उम्मीदवार हैं। भाजपा के आदिवासी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव भी अपना ही चुनाव लड़ रहे हैं।

### उपचुनाव से पहले अखिलेश का दांव

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के दिग्गज मुस्लिम नेता आजम खान की पत्नी तंजीम फातिमा से मुलाकात की। उनके साथ रामपुर के सांसद मोहिब्बुल्लाह भी थे। उत्तर प्रदेश में 20 नवंबर को होने वाले नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव से पहले इस मुलाकात के बड़े सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। आजम खान की पत्नी से मिलने के बाद अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर हमला किया और कहा कि सरकार आजम खान को फंसाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि आजम खान कई मुकदमों में फंसे हैं और लंबे समय से जेल में बंद हैं। उनकी विधानसभा की सदस्यता भी जा चुकी है।

गौरतलब है कि उपचुनाव में अखिलेश यादव ने नौ में से चार सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं और प्रचार शुरू होने पर उन्होंने जेल में बंद आजम खान का नाम भी प्रतीकात्मक रूप से पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया। इस तरह उन्होंने मुस्लिम मतदाताओं को मैसेज दिया। फिर भी चुनाव से ऐन पहले रामपुर जाकर आजम खान के परिवार से मिलने की जरुरत इसलिए आ गई क्योंकि आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर ने जेल में जाकर आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने आजम खान के परिवार के लिए सड़क से संसद तक लड़ने का ऐलान किया। चंद्रशेखर की इस राजनीति की वजह से अखिलेश को रामपुर जाना पड़ा। वैसे माना जा रहा है कि इस बार मुस्लिम वोट पूरी तरह से सपा के साथ हैं फिर भी अखिलेश कोई मौका नहीं देना चाहते हैं।

### तमिलनाडु का चुनाव बहुकोणीय होगा

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव मई 2026 में होना है। इस लिहाज से अभी डेढ़ साल का समय है लेकिन वहां राजनीति तेज हो गई है। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके ने साफ कर दिया है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। उसने भाजपा के साथ किसी तरह के तालमेल की संभावना से इनकार किया है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भी अन्ना डीएमके ने अकेले चुनाव लड़ा था और भाजपा ने कुछ अन्य छोटी पार्टियों से तालमेल करके अपना गठबंधन बनाया था। भाजपा के गठबंधन को कोई सीट नहीं मिली फिर भी उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। तभी यह माना जा रहा है कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बड़ी ताकत होगी।

दूसरी ओर विभाजन के बावजूद अन्ना डीएमके अब भी मजबूत ताकत है। हालांकि अगर पलानीस्वामी और पनीरसेल्वम एक साथ होते तो पार्टी की ताकत ज्यादा होती। पलानीस्वामी ने भाजपा से तालमेल नहीं करने का ऐलान किया है तो संभव है कि पनीरसेल्वम के साथ भाजपा का तालमेल हो। सो, डीएमके गठबंधन के मुकाबले अन्ना डीएमके मैदान में होगी तो तीसरा मोर्चा भाजपा का होगा। चौथा मोर्चा या चौथी ताकत तमिल फिल्मों के सुपरस्टार विजय की है। उन्होंने तमिझागा वेत्रि कझगम यानी टीवीके पार्टी बनाई है और अगले चुनाव में सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। सो, कम से कम चारकोणीय मुकाबला होगा। मुकाबले के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी है लेकिन अगर विजय को सत्ता विरोधी वोट मिलते हैं तो एमके स्टालिन की पार्टी को डीएमके और उनके गठबंधन को फायदा हो सकता है।

### कांग्रेस को चुनाव लड़ाने वाला कोई नहीं

एक तरफ भाजपा में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने चुनाव प्रचार की कमान संभाली है और प्रदेश के नेताओं को चुनाव लड़ने में लगाया है तो दूसरी ओर कांग्रेस में ज्यादातर बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और केंद्रीय नेतृत्व को भी चुनाव से कोई खास मतलब नहीं दिख रहा है। पहले चरण के मतदान वाले इलाकों में राहुल गांधी की दो दिन रैलियां जरूर हुईं लेकिन कोई फॉलोअप नहीं है और न दूसरा कोई राष्ट्रीय नेता प्रचार करता दिख रहा है। कांग्रेस ने चुनाव से तीन महीने पहले केशव महतो कमलेश को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। लेकिन वे न तो चुनाव लड़ रहे हैं और न लड़वा रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। करीब पांच साल विधायक दल के नेता रहे आलमगीर आलम जेल में हैं और उनकी पत्नी चुनाव लड़ रही हैं। विधायक दल के मौजूदा नेता रामेश्वर उरांव की सेहत ऐसी नहीं है कि वे अपने क्षेत्र से बाहर जाकर प्रचार करें।

अगर राष्ट्रीय नेतृत्व की बात करें तो पता नहीं किस जीनियस रणनीतिकार की सलाह पर कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के रहने वाले गुलाम अहमद मीर को झारखंड का प्रभारी बनाया और उसके बाद बिहार के तारिक अनवर को चुनाव प्रभारी या चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया। सबको पता है कि मुस्लिम वोट कांग्रेस छोड़ कर कहीं नहीं जा रहा है। लेकिन दो मुस्लिम नेताओं को कांग्रेस ने झारखंड में कमान सौंपी। इनमें से कोई भी झारखंड में प्रचार करता नहीं दिख रहा है। गुलाम अहमद मीर तो खैर प्रचार कर भी नहीं सकते हैं क्योंकि वे पिछले दो साल में रांची के अलावा संभवतः कहीं गए भी नहीं हैं और न किसी को जानते हैं। तारिक अनवर जरूर प्रचार कर सकते हैं लेकिन उनकी भी सक्रियता नहीं दिख रही है। अगर भाजपा के चुनाव प्रभारियों से उनकी तुलना करें तो उनका प्रदर्शन 10 फीसदी भी नहीं दिखाई देगा। कांग्रेस इस भरोसे चुनाव लड़ रही है कि हेमंत सोरेन के प्रति सद्भाव होगा तो जेएमएम के साथ कांग्रेस को भी वोट मिल जाएगा। इसके लिए अलग से मेहनत करने की जरुरत नहीं है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं मधुमेह से बचने का किया आग्रह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के नागरिकों से मधुमेह की बड़ती प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अपने रक्त शर्करा और रक्तचाप की नियमित जांच कराएँ, संतुलित आहार लें, अत्यधिक शर्करा का सेवन न करें और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें ताकि तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके। उन्होंने मधुमेह की रोकथाम के प्रति सजग रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया है। सामूहिक प्रयास और जागरूकता से ही हम मधुमेह पर नियंत्रण पा सकते हैं और एक स्वस्थ मध्यप्रदेश का निर्माण कर सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार मधुमेह एवं अन्य असंचारी रोगों के प्रसार को कम करने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करके दिल के दौरे, किडनी और फेफड़े के रोग, अंधत्व



और अन्य गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। नागरिकों की समय पर स्क्रीनिंग, जांच की व्यवस्था की गयी है। नियमित जाँच से सही समय में समस्या का चिन्हांकन होता है, जिससे अपेक्षित सावधानियाँ एवं उपचार सहजता से किया जा सकता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप के उपचार के लिए राज्य के सभी जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाओं को सुदढ़ किया जा रहा है। 15 जिलों में असंचारी रोग बूथ स्थापित किए गए हैं ताकि मरीजों को अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही प्राथमिक जांच का लाभ मिल सके। राष्टीय असंचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के तहत वर्तमान वर्ष में 38 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत हो चुके हैं और 86 लाख से अधिक बार हाई ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच की जा चुकी है। एनएफएचएस-5 अनुसार राज्य में मधुमेह की प्रचलित दर वर्तमान में 13.5ऽ है, जबकि उच्च रक्तचाप की दर 23.5ऽ है। मधुमेह और संबंधित जटिलताओं को नियंत्रित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। असंचारी रोग कार्यक्रम के तहत अब तक 3 करोड़ 58 लाख से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है, जिसमें 1 करोड़ 91 लाख से अधिक लोगों की रक्तचाप और रक्त शर्करा के लिए जांच की गई है। 19 लाख 57 हजार उच्च रक्तचाप के मरीज और 13 लाख से अधिक मधुमेह के मरीज वर्तमान में निःशुल्क उपचार प्राप्त कर रहे हैं। हृदय से जुड़ी आपात स्थितियों के इलाज हेतु सभी 52 जिला अस्पतालों में आईसीयू की स्थापना की गई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और अन्य प्रमुख जिलों में कार्डियक केयर यूनिट भी स्थापित किए गए हैं। सभी जिलों में केंद्रीय प्रयोगशालाएँ चौबीसों घंटे रक्त शर्करा, कोलेस्ट्रॉल, और हार्ट मार्कर जैसे आवश्यक परीक्षण प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जीवनशैली में परिवर्तन के लिए शैक्षणिक अभियान चलाए जा रहे हैं। आमजन तक मधुमेह, उच्च रक्तचाप और रोकथाम के उपायों की जानकारी पहुँचाई जा रही है।

## कमिश्नर ने किसानों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में शामिल करने के दिए निर्देश



दैनिक पुष्पांजली टुडे

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा और शहडोल संभाग की कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय 20 नवम्बर को रीवा में समीक्षा करेंगे। इस बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं तथा विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दो दिवस में प्रस्तुत करें। कृषि उद्यानिकी, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग के अधिकारी संभाग से लेकर ग्राम स्तर तक समन्वय से कार्य करें। एक दूसरे की विभाग की योजनाओं की पूरी जानकारी रखें तथा विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति में एक दूसरे का सहयोग करें। योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराके किसानों को लाभकारी खेती के लिए प्रेरित करें। किसानों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करें। रीवा संभाग में सिंचाई की सुविधा में वृद्धि होने से खेती में तेजी से विकास हुआ है। फल, फूल, सब्जी तथा मसाले की खेती के लिए किसान को प्रोत्साहित करें। सुन्दरजा आम के क्षेत्र विस्तार के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि धान की फसल की देर से बोनी होने के कारण इसकी कटाई में देरी होती है जिससे नवम्बर माह के अंत तक गेंहू की बोनी हो पाती है। यदि धान की फसल अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में कट जाये तो नवम्बर के पहले सप्ताह में आगामी फसल की बोनी हो जायेगी। इससे गर्मी की फसल के लिए पर्याप्त समय मिल जायेगा। इस संबंध में किसानों को समझाइश देकर उन्हें तीन फसली खेती के लिए प्रेरित करें। खाद के वितरण की कड़ी निगरानी रखें। जिन केन्द्रों में किसानों की भीड़ आ रही है वहां तत्काल अतिरिक्त खरीदी केन्द्र शुरू करा दें। उप संचालक कृषि तथा अन्य अधिकारी खाद वितरण केन्द्र का नियमित निरीक्षण करें। वितरण केन्द्र में किसानों को अधिकतम दो घंटे में खाद मिल जाये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि जिन गांव में फसल प्रदर्शन लगाये गये हैं उनका अन्य गांव के किसानों को भ्रमण करायें जिससे नये किसान अच्छी फसल के लिए प्रेरित हो सके। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग में उद्यानिकी फसल बड़े क्षेत्र में ली जा रही है। आम, अमरूद, ड्रेगन फ्रूट, आमला तथा स्ट्राब्रोरी के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें। आनाजों की खेती से उद्यानिकी फसलें अधिक लाभ दायक हैं। खाद्य प्रसंस्करण तथा पशुपालन विभाग के बैंकों में लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कराकर हितग्राहियों को लाभांवित करें। बैठक में कमिश्नर ने पशुओं के टीकाकरण, गौशाला के संचालन, मछली पालन तथा दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक कृषि केएस नेताम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, उप संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक, उप संचालक मछली पालन डॉ. अंजना सिंह, उपायुक्त डा. दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक प्रीति द्विवेदी तथा बैठक से संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीधी जिले में 13 वर्षीय नाबालिक के साथ दरिंदगी, केस दर्ज दोनों आरोपी गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे




*सीधी। जिले के बहरी थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया। घटना 5 नवंबर की है। तबीयत खराब होने पर लड़की ने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, लड़की अपने घर के पास काम कर रही थी। इसी दौरान रात के अंधेरे का फायदा उठाकर दो आरोपियों ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और फिर उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर वहां से भाग गए। घटना की जानकारी जब लड़की के माता-पिता को हुई। तो उन्होंने बहरी थाने को सूचना दी। इसके बाद पीड़िता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल सीधी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने बताया है कि मैं रात 9 बजे अपने घर से गाय-बैल भगाने के लिए निकली थी। पापा घर पर नहीं थे, इसलिए मैं जानवरों को भगाने के लिए टॉर्च लेकर निकली थी। खेत से फसल काटकर घर के सामने रखी हुई थी। पीछे से आकर मेरा मुंह बंद कर दिया और मुझे अरहर के खेत में फेंक दिया और कहा- अगर घर पर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद संजय रजक ने मेरा हाथ पकड़ लिया और लालू कोल ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। जिससे मेरी हालत बिगड़ गई। इसके बाद मैं किसी तरह घर गई और अपनी मां को सारी बात बताई। जब इस घटना के बारे में एसपी सीधी डॉ. रवींद्र वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा- यह कोई हालिया मामला नहीं है यह पुराना मामला है। इस पर कार्रवाई की जा रही है। अस्पताल चौकी के अनुसार जीरो में मामला दर्ज कर प्रकरण बहरी थाने को भेज दिया गया है। इसके अलावा एक आरोपी को 6 नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। दूसरे आरोपी को मंगलवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया। उसे आज यानी बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।*

# जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर को पहाड़गढ़ में आयोजित होगा

मुरैना। भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर 15 नवम्बर 2024 को देशभर में संविधान दिवस के साथ जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुरैना जिले में पीएम जनमन के अंतर्गत 56 सहरिया बसाहट एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 18 आदिवासी बसाहटों का चयन किया गया है। 15 नवम्बर 2024 को सी.एम. राइज स्कूल पहाड़गढ़ में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, जौरा विधायक श्री पंकज उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेगें। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये उद्बोधन का सीधा प्रसारण टू वे कनेक्टिविटी के माध्यम से किया जायेगा। साथ ही विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को मंच से हितलाभ का वितरण गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आजीविका मिशन, ई-गर्वनेंस मत्स्य पालन विभाग, पशु पालन विभाग, आयुष विभाग, जिला अग्रणी बैंक, राजस्व विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग एवं अनुसूचित एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा एवं योजनाओं के आवेदन प्राप्त किये जायेगें।

ज्ञातव्य है कि मुरैना जिले के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत निम्न आदिवासी बसाहटें सम्मिलित की गई है। बिलगांव चौधरी, सांकरा, सुमावली, बहरारा जागीर, नवलपुरा, कॉलोनी नबलपुरा, गोल्हारी, कुंगरपुरा, बरईपुरा, तिलोंजरी का पुरा, देवक्षा, किसरोली, रोन का पुरा, कोट-सिरथरा, गंगापुर, पनिहारी, तालपुरा, देवखोरी, चौती खेड़ा, सिंगाचौली, रामपुर मानगड़, ठाठीपुरा, नयागांव, जोगीपुरा, कालाखेत, कनहर, कुन्दन पुरा, मानपुर, मरा, मानपुर का पुरा, बघेबर, बहराई निचली, बाघेबार कॉलोनी, खदरियापुरा, पहाडगड़, सीसोन का पुरा, धौंधा सहराना, मोगिया घोबिनी, जडेरू, गहटोली, खोरी, सैथरी, देवगड़, धनेला, सिंगारदे, बहेड़ी गुलालाई, पावई, साहपुरकलां, कैमरकला, बौलाज, बजारे का पुरा, पठानपुरा, महते का पुरा, बाबडीपुरा, कहारपुरा, बसखोह जिनमें सघन अभियान चलाकर सभी विभाग अपनी योजनाओं में समस्त पात्र आदिवासियों को शत-प्रतिशत लाभांवित करेगें। इसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, आधार कार्ड, अन्न योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, जनधन खाता,जिला अग्रणी बैंक द्वारा संचालित योजनाएँ, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड एवं सभी हितग्राही मूलक योजनाएं सिकल सेल जांच, वनाधिकार का लाभ, आहार अनुदान का लाभ, मत्स्य संपदा योजना, किसान बीमा, मोबाइल मेडीकल यूनिट के माध्यम से गाँव-गाँव तक स्वास्थ्य सुविधा, आदिवासी हेतु स्व-रोजगार गतिविधियां, पोषण वाटिका, वनाधिकार हितग्राहियों को समस्त विभागों की योजनाओं से लाभावित किया जाना सम्मलित है।

## आयुष्मान कार्ड बनवाएंः 5 लाख तक का मुफ्त इलाज पायेंः सीबीएमओ जौरा



मुरैना। सिविल हॉस्पिटल जौरा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस सेमिल द्वारा ओपीडी में इलाज कराने आए हुए सभी रोगियों एवं उनके परिवार जनों को परिवार में 70 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये प्रेरित कर जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 70 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ जन बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवर करने एवं उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत की है। जिसके तहत सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुलभ और खिफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सके। इस योजना के तहत सभी 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। इसलिए सभी वृद्धजनों को अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु सिविल अस्पताल जौरा पर भेजें। यह कार्ड सिविल अस्पताल जौरा में गरीबों, मध्यवर्ग व उच्च वर्ग के लिए निःशुल्क बनाकर दिए जा रहे हैं। इस कार्ड की मदद से सभी 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को सभी शासकीय अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा। जौरा विकासखण्ड के शहरी व ग्रामीण निवासी सभी बुजुर्ग सिविल अस्पताल पर पधारे एवं अपना-अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएं तथा निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पाये। इस कार्ड की मदद से उनके परिवार को भी मदद मिलेगी, क्योंकि वृद्धजनों की बीमारियों पर होने वाले खर्चों में कमी आयेगी। इस कार्ड से सभी बुजुर्गों को निःशुल्क उपचार दिया जाएगा।

## पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन आज

रीवा। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन 14 नवम्बर को अमहिया पावर हाउस गल्ला मंडी सहित प्रत्येक वितरण केन्द्र मुख्यालय में किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना से उपभोक्ता अपनी छत में सोलर पैनल लगाकर बिजली के बिलों में 30 से 70 प्रतिशत तक की कमी ला सकते है। अधीक्षक यंत्री बीके शुक्ला ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से होने वाले लाभ सब्सिडी, प्रत्यावर्तन अवधि, वेण्डर आदि की जानकारी के साथ इच्छुक आवेदकों व सामान्य उपभोक्ताओं में योजना के संबंध में नेशनल पोर्टल (सब्सिडाईज) पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना की जानकारी सुलभ कराने हेतु एकल विण्डो का प्रावधान किया जायेगा। विभाग के कर्मचारी उपभोक्ताओं/आवेदकों को नेट मीटरिंग प्रक्रिया व सब्सिडी के प्रावधान आदि की जानकारी उपलब्ध होगी। एकल विण्डो प्रति सोमवार नियमित रूप से विशेष तौर पर संचालित की जावेगी। यह योजना उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से लाभ दायक है। योजना के तहत विद्युत उपभोक्ता अपनी छत में सोलर पैनल लगवाकर बिजली के बिलों में 30 से 70 प्रतिशत की कमी ला सकते है। साथ ही इससे पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में सहयोग मिलेगा।

## राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक होगा

### कलेक्टर ने सभी एसडीएम को रणनीति तैयार कर महाअभियान का आयोजन कराने के दिए निर्देश

पुष्पांजली टुडे



रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 नवम्बर से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। अभियान के लिए सभी एसडीएम रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में सेडयूल बनाकर बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं तथा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार करें एवं प्रतिदिवस के परिणाम का भी प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें। कलेक्टर ने कहा कि गत अभियान में नक्शा तरमीम के प्रकरणों को बड़ी संख्या में निराकृत किया गया था। इस अभियान में शेष रह गये प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि सीमांकन के प्रकरणों का हल्कावार कार्य योजना बनाते हुए शत-प्रतिशत निराकरण करायें। उन्होंने बटवारा एवं अभिलेख दुरूस्तगी के प्रकरणों को भी अभियान में निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना के प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने साइबर तहसील के प्रतिदिवस के कार्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने सीएम हाउस तथा सीएम मानीटरिंग के प्रकरणों का निराकरण कराकर प्रतिवेदन फीड करने के लिए भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि राजस्व महाअभियान 3.0 में नामांकन, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्तगी, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान का आधार से लिंकिंग तथा ईकेवाइसी कराये जाने का कार्य किया जायेगा। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## संभाग के सभी जिलों में आयोजित होंगे रक्तदान शिविर

### कमिश्नर ने की स्वेच्छा से रक्तदान की अपील

दैनिक पुष्पांजली टुडे



रीवा। रीवा संभाग के 4 प्रमुख जिलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रीवा जिले में 27 नवम्बर, सतना में 22 नवम्बर, सीधी में 20 नवम्बर तथा सिंगरौली जिले में 29 नवम्बर को जिला मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति के प्राण बचाने के काम आयेगा। संभाग में नवम्बर माह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर व्यक्ति स्वयं रक्तदान करके शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही अन्य लोगों के लिये प्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा है कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है। रक्तदान शिविर के लिये सामाजिक संगठन तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें। संभाग के सभी जिलों में नियमित अंतराल से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिससे ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे। कई बार समय पर रक्त प्राप्त न होने से गंभीर रोगियों के प्राण संकट में पड़ जाते हैं। शरीर से जितना रक्त बाहर निकलता है उसका निर्माण कुछ ही दिनों में पुन- हो जाता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति 45 दिनों के अंतराल से नियमित अंतराल कर सकता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारे शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है। आपके द्वारा किये गये स्वैच्छिक रक्तदान का उपयोग गंभीर रोगियों के प्राण बचाने में किया जायेगा।

# पोक्सो केस से पीड़ित व्यक्ति के लिए कानूनी प्रणाली सुगम बनाने हेतु सपोर्ट पर्सन का है प्रावधान

**एडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पात्र पाए गए आवेदकों का किया जा चुका है साक्षात्कारष शीघ्र सपोर्ट पर्सन का इंपैनलमेंट तैयार किया जाएगा**

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार जिला अंतर्गत पोक्सो अधिनियम की धारा 39 के तहत पोक्सो केस से पीड़ित व्यक्ति के लिए कानूनी प्रणाली सुगम बनाने हेतु सपोर्ट पर्सन का प्रावधान है। सपोर्ट पर्सन से तात्पर्य है पोक्सो अधिनियम के तहत हर पीड़ित व्यक्ति के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किए जाने का प्रावधान है,जिसके तहत सपोर्ट पर्सन का प्रमुख दायित्व पीड़ित बालक अथवा बालिका की गोपनीयता बनाए रखकर उनके लिए कानूनी प्रक्रिया सुगम बनाना है। न्यायालय में सुनवाई के दौरान सपोर्ट पर्सन की उपस्थिति में ही पीड़ित व्यक्ति से पूछताछ की जा सकेगी और सपोर्ट पर्सन का यह दायित्व होगा कि वह पीड़ित व्यक्ति को संचालित शासन के विभिन्न योजनाओं से सलग्न कर उसकी आवश्यकता अनुसार सहयोग प्रदान करें एवं योजनाओं के तहत संलग्न कर उसको लाभान्वित करने की कार्रवाई करें।



बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना के द्वारा अवगत कराया गया की सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति हेतु विज्ञापन राज्य स्तर से प्रकाशित किया गया था जिसके क्रम में जिला अंतर्गत आवेदन प्राप्त किए गए और एडीएम एलके पाण्डेय की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पात्र पाए गए आवेदकों का साक्षात्कार भी किया जा चुका है। शीघ्र सपोर्ट पर्सन का इंपैनलमेंट तैयार किया जाएगा। सपोर्ट पर्सन हेतु चयनित व्यक्ति को बाल कल्याण समिति के आदेश से पोक्सो पीड़ित व्यक्ति के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किए जाने के उपरांत न्यायालय, बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार कार्यवाही की जानी होगी। सपोर्ट पर्सन के पूर्व नियुक्त व्यक्ति को अपना पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा साथ ही उन्हें जिस व्यक्ति के लिए सपोर्ट पर्सन नियुक्त किया गया है उसकी पूर्ण गोपनीयता बनाए रखनी होगी।



## निरंतर जारी यातायात जागरूकता अभियान के क्रम प्रभारी द्वारा शहर के मुख्य चौराहों पर चलाया सघन चैकिंग अभियान, आमजन को किया जागरूक

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**



पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो. मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों यथा- वैध लाइसेंस, वैध फिटनेस, प्रदूषण, बीमा के वाहन चलाना, मादक पदार्थों का सेवन न करना, सड़क पर स्टंट न करना, सेफ्टी बेल्ट का प्रयोग, हेलमेट लगाकर वाहन चलाना, ट्रिपलिंग न करना आदि के बारे में जागरूक किया गया और यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट, स्टिकर वितरित किए गया। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 103 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

## वृहद रोजगार मेले में हुआ 778 अभ्यर्थियों का चयन

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**



ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में स्थानीय महाविद्यालय में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं विशिष्ट अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वतीजी के माल्यार्पण दीप एवं दीप प्रज्जवलन कर एवं सभी अतिथियों का स्वागत बैज पहनाकर किया गया। सर्वप्रथम सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव द्वारा वृहद रोजगार मेले में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का सभी नियोजकों से परिचय कराया तथा मेले में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। वृहद रोजगार मेले में कुल 10 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें कुल 1275 अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिया गया। साक्षात्कार उपरान्त कुल 778 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साक्षात्कार में चयनित कुछ बच्चों को राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सौरभ यादव, पूजा, सूफिया, विनोद यादव, डा.महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# गोहद नगर मै खुदी पड़ी हुई सड़कों एवं सफाई की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर जिला सचिव कांग्रेस ने एसडीएम गोहद को लिखा पत्र

**नगर पालिका की अनदेखी जगह जगह हुए सड़क पर गड्डे दे रहे हादसों को निमंत्रण**

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

भिण्ड जिले के गोहद नगर पालिका के अंतर्गत अटल चौक गोहद से स्टेशन तक सड़को पर न



सिर्फ जगह जगह गड्ढे हो गए हैं बल्कि धूल मिट्टी के उड़ने से लोगो को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर भिण्ड कांग्रेस कमेठी के जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार ने मंगलवार को गोहद एसडीएम को पत्र लिखा जिला सचिव ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अटल चौक, गोहद से लेकर गोहद चौराहा स्टेशन तक बनी फोर लेन पर अत्यधिक मात्रा में गंदगी एवं धूल-मिट्टी पडी हुई है।इतना ही नहीं उक्त सड़क पर रेत व गिड्टी से भरे ओवर लोड वाहनों के चलने से रेत व गिड्टी सड़क पर गिर जाती है. जिससे इस रोड पर काफी मिट्टी, रेता धूल डली हुई। इस रोड पर भारी मात्रा में वाहनो के आवागमन के कारण धूल-मिट्टी अत्यधिक मात्रा में उड़ती है।जिससे सड़क के किनारे रहने वाले लोगों एवं रोड़ पर छोटे वाहनों एवं पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। जबकि नगर पालिका गोहद में इसी रोड की सफाई हेतु पूर्व में सफाई स्पैलर एवं ट्रैक्टर स्वराज 855 खरीदा था, उसका नगर पालिका द्वारा आज दिनांक तक उपयोग नहीं किया गया है. उक्त मशीन नगर पालिका गोहद के फिल्टर प्लॉट पर मात्र दिखावटी रूप से रखा गया है।

**धूल मिट्टी के कारण लोगो मे बना रहता है बीमारियों का डर**-राजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि लोगो में धूल उड़ने से होने वाली बीमारी जैसे छींक आना, आंखों में जलन होना, गले में खरास, खाँसी होना, सांस लेने में तकलीफ होना एवं अस्थमा जैसे भयानक बीमारी फैलने की पूर्ण आशंका है।

जगह जगह खुले गड्ढे दे रहे हादसों को निमंत्रण, अधर में अटकी जलावर्धन योजना

राजेंद्र ने बताया कि गोहद नगर में गली-मौहल्लों में पानी की पाईप लाईन बिछाने के लिये एवं कनेक्सन देने के लिये शासन से जलावर्धन योजना चलाई जा रही है।जिसका श्री कन्स्ट्रक्सन कम्पनी राजस्थान को ठेका मिला हुआ है। इनके द्वारा गोहद नगर में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा सड़क खोदकर पाईप लाईन बिछाई जा रही है, लेकिन उस रोड़ पर पाईप लाईन बिछाने के बाद रोड़ की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिसके कारण जगह जगह गड्ढे हो गए हैं जो कि खुले होने के कारण आए दिन हादसों को न्योता देते रहते हैं। गोहद अटल चौक से लेकर स्टेशन रोड गोहद चौराहा तक फोर लाईन तक नगर पालिका द्वारा लगाई स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद पड़ी हुई हैं, जिससे इस रोड़ पर काफी अंधेरा रहता है. लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, अगर स्ट्रीट लाइट जल्द चालू नहीं कराई गई तो भविष्य में रोड़ पर अंधेरा होने पर वाहनों से दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस लिये स्ट्रीट लाइट को सुचारू रूप से चालू किया जाना भी जन हित में आवश्यक है। गोहद बस स्टेण्ड शीतला गेट से उप. जेल गोहद तक नगर पालिका द्वारा हाल ही में डम्बर की रोड़ बनाई गई थी,जबकि इस रोड को बने हुये कुछ ही दिन हुये हैं और जगह-जगह रोड़ पर गड्ढे हो गये हैं, रोड़



पर क्रैक हो गई है, और जगह-जगह डम्बर उखड़ रहा है, इससे यह प्रतीत होता है कि इस रोड पर ठेकेदार द्वारा इस्टीमेट के अनुसार निर्माण नहीं किया गया है,

## एकराय होकर पति व बच्चों से मारपीट का आरोप

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कुआतला निवासी रामकुंवर पत्नी केशरदास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को सुबह करीब 7.30 बजे जब वह घर पर थी, तभी गांव के मुकेश पुत्र लालसिंह, मंगल व अनुज पुत्रगण मुकेश, सुशीला पत्नी मुकेश एकराय होकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके पति कैसरदास लोधी व बच्चों से मारपीट कर दी, जिससे उसके पति व बच्चों को चोटें आयीं हैं। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## नाले की समस्या के निदान के लिए मोहल्लेवासी बैठे धरने पर



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । वार्ड नंबर 35,36,37,38,39 का पानी हमेशा से सरकारी गोपाल जोशी नगर होते हुए निकलता था, जिसे अचानक गौशाला वालों ने पानी को बंद कर दिया,जिससे लगभग 20000 की आबादी के लोग पानी के निकास ठीक से न होने के कारण घरों में पानी भर रहा है। वार्डवासियों की जलनिकासी की समस्या के समाधान को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष भानू भदौरिया,अमित चौधरी, विक्रम,बलवीर, कमलेश जाटव, विक्रम यादव एवं आम जनता द्वारा धरना दिया गया। धरने पर पहुंच कर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि ने एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा संबंधित पटवारी से सीमांकन के लिए भिंड नगर पालिका द्वारा पत्र जारी करने सीमांकन करने के लिए जल्दी से जल्दी कर समस्या का समाधान के लिए भिण्ड नगर पालिका द्वारा नगर पालिका का नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव पास कराकर शीघ्र नाले,का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## उधारी के रुपये मांगने पर मारपीट

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम रजवारा के मोहल्ला खुशीपुरा निवासी चन्दा पत्नी हरीराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 11 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे पड़ौस में रहने वाले मूलचंद्र, सोनू पुत्रगण हीरालाल उर्फ झगडू के यहां वह उधारी दिये रुपयों को मांगने पहुंची तो उक्त लोगों ने रुपये देने से इंकार कर दिया। बताया कि रुपये की पुनः मांग करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मौके पर बचाने पहुंचे उसके पति के साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय ग्वालियर में जिला स्तरीय बाल रंग उत्सव का भव्य आयोजन

**योग प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मॉडल डीडी नगर तथा बालिका वर्ग में पद्मा विद्यालय ने बाजी मारी**




**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर / विद्यालयीन छात्र छात्राओं में निहित सृजनात्मकता को नये आयाम उपलब्ध कराते हुए विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को विकसित किये जाने के दृष्टिकोण एवं विद्यार्थियों को देश की विभिन्न लोक संस्कृतियों से परिचय एवं लोक विद्या को समझने का अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से राज्य/राष्ट्रीय स्तर से बालरंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय बाल रंग में सहभागिता हेतु शाला, विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर साहित्यिक, सांस्कृतिक, योग, मदरसा, विज्ञान, संस्कृत एवं निःशक्त बच्चों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, जिला संभाग स्तर से राज्य स्तर की प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय बालरंग महोत्सव का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय ग्वालियर में गरिमामयी रूप से किया गया । मुख्य अतिथि श्री अजय कटियार जिला शिक्षा अधिकारी ग्वालियर, श्रीमती पुष्पा दौड़ी, सहायक संचालक विशिष्ट अतिथि दिनेश चाकणकर जिला योग प्रभारी,अफाक हुसैन जिला नोडल अधिकारी इको क्लब, आई ए ड़ैदी, पूर्व जिला नोडल अधिकारी, आर. एस. पचौरी प्राचार्य चक केशवपुर, डॉ. देवेंद्र दिनकर प्राचार्य उत्कृष्ट डबरा, अपर्णा कुशवाह, सहायक सांखयिकी अधिकारी थे। अध्यक्षता प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय श्री प्रबुद्ध गर्ग ने की । निर्णायक मंडल में श्री अमिताभ मिश्र प्राचार्य हाई स्कूल भगेह, डॉ. पी के दिबौलिया प्राचार्य हाई स्कूल दौरार, श्री मुन्ना सिंह परिहार विकासखण्ड योग प्रभारी, गोविंद मेहरोत्रा विकासखण्ड योग प्रभारी,श्रीमती पूर्णिमा केशव कुशवाह सहायक विकासखंड योग प्रभारी तथा श्री हेमन्त त्रिवेदी पुरस्कार किसने जीताड़ श्रीमती मीनू गर्ग, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती नेहा खान, मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्ति गौड़ सहित विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभागी विद्यार्थी एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे । समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना से किया गया । तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प हार पहनाकर किया गया । स्वागत उदबोधन देते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग ने कहा बच्चों में बाल रंग के प्रति उत्साह देखने को मिलता है । पड़ाई के साथ साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों के आयोजन से बच्चों में रचनाधर्मिता का विकास होता है । मंच संचालन कीर्ति मिश्रा एवं श्रीमती मंजू नरवरिया ने संयुक्त रूप से किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. उमेश पाठक ने किया । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी संभाग स्तर पर सहभागिता करेंगे । इस अवसर पर श्रीमती रेखा मुले, अखिलेश तोमर, श्रीमती स्वीटी राजावत, दीपाली कुलश्रेष्ठ, रजनी भदकारिया, श्रीमती रिचा अग्रवाल, श्रीमती संगीता उपाध्याय,श्रीमती सीमा कुश्तवार, प्रतिभा भदौरिया, अनु परमार, रुचि सेठी, श्रीमती सोनिया शर्मा, के के शर्मा, मुकेश जाटव, पी पी सोलंकी, शबाना खातून, सुशील गुप्ता, विकास दुबे, मानसी भार्गव, मोनिका भार्गव, कामिनी कुशवाह सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# भूमि पेडनेकर की सेल्फी सीरीज पर फिदा हुए फैंस



'टॉयलेट एक प्रेम कथा' की अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का ग्लेम से गहरा नाता है, जिसकी झलक अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी सेल्फी सीरीज के साथ दिखाई है। भूमि पेडनेकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार सेल्फी सीरीज शेयर की। सोमवार को 'बाला' अभिनेत्री ने ग्लेमरस तस्वीरों के साथ फैंस को खुश कर दिया। तस्वीरों में अभिनेत्री कैमरे के सामने पोज देती नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा सेल्फी गेम गोइंग। हैशटेग मंडे। तस्वीरों में भूमि अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं।

तस्वीरों में अभिनेत्री लाइट मेकअप के साथ शानदार हेयर स्टाइल में नजर आ रही हैं। कुछ क्लिक में वह अपने सिंपल लुक को फ्लॉन्ट करती तो कुछ में स्टाइलिश आउटफिट में नजर आ रही हैं। 'दम लगा के हईशा' अभिनेत्री भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर फोटो-शेयरिंग ऐप पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। भूमि हाल ही में कुशा कपिला के शो 'टिंडर स्वाइप राइड' में दिखाई दीं, जहां उन्होंने उन प्रमुख गुणों के बारे में बात की, जो वह एक साथी में चाहती हैं। भूमि ने यह भी बताया कि वह एक रिश्ते में सबसे ज्यादा क्या महत्व देती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सच्ची सुंदरता इस बात से झलकती है कि एक व्यक्ति दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करता है। जब उनसे पूछा गया कि वह अपने साथी में कौन से गुण चाहती हैं तो उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं वास्तव में किसी ऐसे व्यक्ति को देखूंगी जो विनम्र हो और अपने आस-पास के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करे और जो मैं कर रही हूं उस पर गर्व करे।

# कुबेर के पोस्टर से नागार्जुन का लुक रिलीज़



फिल्म कुबेर के पोस्टर से नागार्जुन का लुक रिलीज़ हो गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता शेखर कमुला के नेतृत्व वाली टीम ने कुबेर से नागार्जुन अक्किनेनी का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए नए पोस्टर में नागार्जुन को एक तनावपूर्ण, चिंतनशील क्षण में दिखाया गया है, जो एक मंद रोशनी वाले शहर की पृष्ठभूमि में सेट है। पोस्ट के साथ कैप्शन में प्रशंसकों को चिढ़ाते हुए लिखा गया है: महाकाव्य कथा सामने आने के लिए तैयार है कुबेरगलिम्पसे में किंग @आईएमनागार्जुना की शानदार भूमिका के लिए बने रहें।

# बेहद खुश हैं अभिनेता साकिब सलीम



वरुण धवन अभिनीत सीरीज 'सिटाडेल: हनी बनी' में नेगटिव किरदार निभाने वाले अभिनेता साकिब सलीम ने फिल्मी में अपने किरदार पर खुलकर बात की। बता दें कि यह पहली बार है जब साकिब ने बड़े पर्दे पर नकारात्मक भूमिका निभाई है। वह शो में केडी नाम के एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। अपने किरदार को फैंस से मिल रही तारीफ से साकिब खुश हैं। उन्होंने कहा वो जबरदस्त प्रशंसा से वो विस्मित हैं। अभिनेता ने कहा, केडी की भूमिका निभाने के लिए मुझे जो प्रशंसा मिली है, वह जबरदस्त है।



# प्रियंका चोपड़ा ने अपना डेली रूटीन शेयर किया

बॉलीवुडमें देसी गर्ल के नाम से मशहूर प्रियंका चोपड़ा जोनास ने फैंस से अपना डेली रूटीन शेयर किया। अभिनेत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी पेट डॉग 'डायना' का एक प्यारा सा वीडियो शेयर किया, जिसमें वह खेलती नजर आ रही है। प्रियंका ने लिखा, जब मैं काम से घर आती हूं अभिनेत्री अक्सर अपने डॉग की मनमोहक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। उन्होंने वीडियो में एरिक कारमेन का गाना हंग्री आइज भी जोड़ा। बता दें कि प्रियंका और उनके पति निक जोनास के पास तीन पेट हैं, जिनके नाम डायना, पांडा और जीनो है।

एक इंटरव्यू में, 'बेवॉच' अभिनेत्री ने डायना के साथ अपने खास रिश्तेन के बारे में बात की थी। हालांकि वह अपने तीनों पालतू जानवरों से बेहद प्यासर करती है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि डायना उनके दिल में एक अलग जगह रखती हैं।

अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए, प्रियंका ने बताया कि डायना पहली पप्पी थी जिसकी उन्होंने पूरी तरह से देखभाल की। उन्होंने यह भी बताया कि डायना उनके जीवन में उस दौर में आई जब वो अमेरिका आई थीं और अपने पिता के निधन का शोक मना रही थीं। तब वो खुद को अकेला महसूस करती थीं। डायना न्यूयॉर्क में नॉर्थ शोर रेस्क्यू से हैं। बता दें कि बालीवुड की देसी गर्ल प्रियंका आए दिन सोशल मीडिया पर अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। उन्होंने हाल ही में प्रशंसकों से बीते सप्ताह की एक झलक शेयर की थी। प्रियंका के करियर पर एक नजर डाले तो वह अपकमिंग कॉमेडी फिल्म हेड्स ऑफ़ स्टेट में इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ दिखाई देंगी। वह कार्ल अर्बन संग द ब्लफ में एक समुद्री डाकू की भूमिका में दिखेंगी।

# खलनायकी की दुनिया के बेताज बादशाह थे अमजद खान

बॉलीवुड में अमजद खान का नाम ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने खलनायकी के क्षेत्र में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। 12 नवंबर 1940 को जन्में अमजद खान को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जयंत फिल्म इंडस्ट्री में खलनायक की भूमिका निभा चुके थे। अमजद खान ने बतौर कलाकार अपने अभिनय जीवन की शुरूआत वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म ..अब दिल्ली दूर नही ..से की। इस फिल्म में अमजद खान ने बाल कलाकार की भूमिका निभायी। वर्ष 1965 में अपनी होम प्रोडक्शन मे बनने वाली फिल्म ..पत्थर के सनम ..के जरिये अमजद खान बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरूआत करने वाले थे लेकिन किसी कारण से फिल्म का निर्माण नही हो सका। सत्तर के दशक मे अमजद खान ने मुंबई से अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता काम करने के लिये फिल्म इंडस्ट्री का रूख किया।



वर्ष 1973 में बतौर अभिनेता उन्होंने फिल्म ..हिंदुस्तान की कसम ..से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शको के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके। इसी दौरान अमजद खान को थियेटर में अभिनय करते देखकर पटकथा लेखक सलीम खान ने अमजद खान से शोले में गब्बर सिंह के किरदार को निभाने की पेशकश की जिसे अमजद खान ने स्वीकार कर लिया। फिल्म ..शोले.. के किरदार गब्बर सिंह ने अमजद खान को फिल्म इंडस्ट्री में सशक्त पहचान दिलायी लेकिन फिल्म के निर्माण के समय गब्बर सिंह की भूमिका के लिये पहले डेनी का नाम प्रस्तावित था।

फिल्म ..शोले ..के निर्माण के समय गब्बर सिंह वाली भूमिका डेनी को दी गयी थी लेकिन उन्होंने उस समय धर्मात्मा में काम करने की वजह से शोले में काम करने से लिये इंकार कर दिया। शोले के कहानीकार सलीम खान की सिफारिश पर रमेश सिप्पी ने अमजद खान को गब्बर सिंह का किरदार निभाने का अवसर दिया।

जब सलीम खान ने अमजद खान से फिल्म ..शोले ..में गब्बर सिंह का किरदार निभाने को कहा तो पहले तो अमजद खान घबरा से गये लेकिन बाद में उन्होंने इसे एक चेलेंज के रूप में लिया और चंबल के डाकुओं पर बनी किताब .अभिशप्त चंबल.. का बारीकी से अध्ययन करना शुरू किया। बाद में जब फिल्म ..शोले ..प्रदर्शित हुयी तो अमजद खान का निभाया किरदार ..गब्बर सिंह ..दर्शको में इस कदर लोकप्रिय हुआ कि लोग गाहे बगाहे उनकी आवाज और चाल ढ़ाल की नकल करने लगे।

बताया जाता है कि जब फिल्म शोले की शूटिंग शुरू हुई तो अमजद खान को मुंबई से बेंगलोर पहुँचना था। वह फ्लाइट लेकर बेंगलोर के निकले।

अभी फ्लाइट ने उड़ान भरी ही थी कि पता चला विमान में कुछ तकनीकी खराबी आ गयी है।इसके बाद किसी तरह विमान को रास्ते में ही किसी एअरपोर्ट पर उतार लिया गया।

बहुरंग

# हॉरर सीरीज भेद-भरम का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड फिल्मकार विपुल अमृतलाल शाह की हॉरर सीरीज भेद-भरम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विपुल अमृतलाल शाह अपने प्रोडक्शन हाउस सनशाइन पिक्चर्स और डीडी नेशनल के साथ नई और रोमांचक टीवी सीरीज़ भेद-भरम लेकर आ रहे हैं, जिसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज़ हुआ है। यह शो हरकिशन मेहता के लोकप्रिय उपन्यास पर आधारित है। इस शो में यशपाल शर्मा, अतुल कुमार, गोरव चोपड़ा, ऐश्वर्या सखूजा, वेशाली ए. ठक्कर, विशाल मल्होत्रा, प्रणव मिश्रा, दिव्यांगना जेन, वाणीकी त्यागी और समीर धर्माधिकारी जेसे कलाकार शामिल हैं।

मेकर्स ने शो को इंट्रोड्यूस करते हुए एक केप्शन के साथ ट्रेलर सोशल मीडिया पर शेयर किया है,भेद-भरम का निर्देशन यूसुफ बसराई ने किया है, इसकी कहानी हरकिसन मेहता ने लिखी है। यह शो सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड द्वारा प्रोड्यूस और आशिन ए. शाह और रविचंद नल्लप्पा द्वारा को-प्रोड्यूस है। विपुल अमृतलाल शाह अपनी अगली फिल्म हिसाब पर काम कर रहे हैं, जो सनशाइन पिक्चर्स और जियो स्टूडियोज साथ मिलकर बना रही है। यह फिल्म विपुल अमृतलाल शाह ने निर्मित और निर्देशित डायरेक्ट की है, और आशिन ए शाह ने को-प्रोड्यूस की है। इस फिल्म में जयदीप अहलावत और शेफाली शाह स्टार कर रहे हैं। यह फिल्म साल के अंत तक रिलीज होने वाली है।

दिलचस्प

# करण जौहर की सलाह-अकेले खुश रहना सीख लें



फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जोहर इन दिनों सोशल मीडिया पर ज्ञान से भरे पोस्ट शेयर कर रहे हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने सलाह दी है कि अकेले खुश रहना सिख लेना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर करण जोहर ने लिखा खुद को सबसे अच्छे लोगों के साथ रखें जो आपको मिल सकते हैं, लेकिन यह भी जानें कि अकेले कैसे खुश रहना है। इससे पहले करण ने कुछ ज्ञानवर्धक बातें शेयर की। करण ने लिखा ₹आप जिस बातचीत से बच रहे हैं, वह वही है जिसकी आपको सबसे ज्यादा जरूरत है। 'कुछ कुछ होता है' निर्माता अक्सर सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि कब माफी नहीं मांगनी चाहिए। करण जोहर ने लिखा कभी भी अलग तरह से सोचने, गहराई से महसूस करने या किसी को बिना शर्त प्यार करने के लिए माफी नहीं मांगनी चाहिए। 'कभी अलविदा ना कहना' निर्देशक करण जोहर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपकमिंग प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म 'चांद मेरा दिल' का एक पोस्टर शेयर कर केप्शन में लिखा हमारे पास दो चांद हैं जो किसी अन्य जेसी गहरी और भावुक प्रेम कहानी लाने के लिए तेयार हैं! प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है।

# शादी की सालगिरह पर रोमांटिक हुईं सोनाली बेंद्रे

फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और एवरग्रीन अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने पति गोल्डी बहल के साथ सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट शेयर कर उन्हें बधाई दी। अभिनेत्री और गोल्डी शादी की 22वीं सालगिरह का जश्न मना रहे हैं। इस मोके को और भी खास बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपनी रोमांटिक और प्यारी यादों को समेटे हुए एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया। सोनाली ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो पोस्ट कर केप्शन लिखा 22 एट गोल्डी बहल।सरल केप्शन के साथ रोमांटिक वीडियो मोंटाज उनके खूबसूरत रिश्ते को बयां करता नजर आया। 'हम साथ साथ हैं' अभिनेत्री ने फिल्म 'दो पत्ती' के गाने 'मैया तेरी मेरी एक जिंद जान है' को भी वीडियो मोंटाज के बेकग्राउंड में एड किया, जिसे संगीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा ने गाया है। वीडियो में सोनाली और गोल्डी की खूबसूरत तस्वीरें शामिल हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने अपनी शादी की 20वीं सालगिरह पर अपने पारिवारिक अल्बम से दो थ्रोबेक तस्वीरें शेयर की थीं। वीडियो मोंटाज के साथ उन्होंने केप्शन में लिखा, तब अब हमेशा के लिए। गोल्डी बहल के साथ सोनाली बेंद्रे 12 नवंबर, 2002 को शादी के बंधन में बंधी थीं।





## जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह में छात्र छात्राओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**ग्वालियर।** जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के गालव सभागार में दिनांक 10 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन मंच पर किया और पुरस्कार प्राप्त किया महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्रश्न मंच टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पोस्ट मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष में स्तुति बुधौलिया ने द्वितीय स्थान एवं पोस्टर मेकिंग में छात्रा यशोधरा तिवारी ने द्वितीय स्थान एकल वादन (तबला) के छात्र फरदीन अहमद ने द्वितीय स्थान हास्य नाटिका(स्किट) मैं द्वितीय रंगोली में छात्र यशोधरा तिवारी ने द्वितीय एवं क्ले मॉडलिंग की छात्रा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया महाविद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरीश अग्रवाल वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पुरुषोत्तम गौतम डॉ आर सी गुप्ता ने युवा उत्सव समिति एवं सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी है

भगवान के प्रेम को पाने के लिए गोपीभाव जरूरी- अंकित शास्त्री

## करौली मैया मंदिर पर श्रीमद्भागवत, रामलीला, श्रीराम नवकुंडीय महायज्ञ



ग्वालियर। भगवान के प्रेम को पाने के लिए गोपीभाव होना जरूरी है। गौ यानि इंद्रियां और पी यानि पीना। जो अपने कामनाओं का दमन कर लेता है,वही गोपी कहलाता है। यह विचार पं अंकित शास्त्री ने महलगांव क रौली मैया मंदिर स्थित आयोजित हो रही



श्रीमद्भागवत कथा के छंठवे दिवस बुधवार को व्यक्त किया। कुंवर महाराज के सानिध्य में यहां इन दिनों सुबह श्रीराम नवकुंडीय महायज्ञ, दोपहर में श्रीमदभागवत एवं रात्रि में भगवान श्रीराम की लीला का मनोहारी मंचन हो रहा है,जिसमें महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज क ी मौजूदगी में अलग-अलग समय पर सैकड़ों श्रदधालु जुट रहे हैं। पं अंकित शास्त्री ने गोपीगीत का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जब असंख्य रूप बनाकर हर गोपी के साथ अलग-अलग नृत्य किया तो उन्हें भी अभिमान हो गया कि कन्हैया हमारे बगैर नहीं रह सकता,लेकिन भगवान के गोपियों के अभिमान का शमन कर उन पर कृपा की। संसार में सबसे बढ़कर मां का प्रेम.... मां के प्रेम का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि मां के हाथों से बना भोजन किसी फाइव स्टार होटल में होटल से ज्यादा स्वादिष्ट होता है,क्योंकि उसमें मां का प्रेम मिश्रित होता है। पेट भर जाने के बाद भी मां आखिर में जो एक रोटी लाती है, उसे हम मना नहीं कर पाते, क्योंकि उसमें मां का प्रेम होता है। जब हम मां से दूर होते हैं तो मां के हाथ की रोटी याद आती है। जो मां हमें पोषित करती है, सदा उसका सम्मान करें, क्योंकि यह कार्य भी ईश्वरतुल्य ही होता है। कल के लिए जल बचाने जरूरी उन्होंने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने जो वस्तुएं हमें उपहार में दी हैं, हम उनके संरक्षण करें। जल है तो कल है। जल के बिना जीवन संभव नहीं हैं, इसलिए इसको व्यर्थ में नष्ट न करें और जितनी जरूरत है उतना ही उपयोग करें। गुरूवार को विश्राम दिवस सुदामा चरित्र की कथा होगी।

## पाल्म रेसिडेंसी से सडक पर कचरा फैंकने पर वसूला जुर्माना



ग्वालियर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गंदगी करने वाले, अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वालों एवं पान गुटके की पीक को थूक कर सड़क पर रेड स्पॉट बनाने वाले लोगों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनुज शर्मा एवं डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशानुसार उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा गंदगी करने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 46 में दुकानदारों एवं ठेले वालों से 5 किलो अमानक पॉलीथिन जब्त की गई तथा 6000 रूपये का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 44 में गंदगी फैलाने वालों से 2200 रूपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही पाल्म रेसिडेंसी द्वारा कंटेनर बिन बाहर मुख्य मार्ग पर रखे जाने एवं गंदगी किए जाने पर 5000 रुपए का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी, फ्लाइंग एस्कॉर्ट नोडल अधिकारी अशोक खरे उपस्थित रहे।

# मध्य रात्रि सिविल अस्पताल हजीरा का निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

## तानसेन रोड पर निर्माण कार्य का भी किया अवलोकन

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर वाकई में जनसेवक हैं। इसकी बानगी



मंगलवार की मध्य रात्रि देखने को मिली, जब दिल्ली से ग्वालियर लौटेने के बाद ऊर्जा मंत्री अपने घर पहुंचने के बजाय सीधे पडाव से हजीरा तक बनने वाली सड़क निर्माण का कार्य देखने पहुंच गए, मध्य रात्रि को ही सिविल अस्पताल हजीरा का भी निरीक्षण किया। दरअसल मंगलवार की मध्य रात्रि 2-30 बजे का समय था, लेकिन जन-जन की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अपने ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण कर रहे थे। सच्चे जनसेवक की यही पहचान होती है। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने



न केवल निर्माण कार्य को देखा, बल्कि अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री ने बताया इस सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा सड़क के निर्माण कार्य की रफ्तार में कमी नहीं आएगी। लंबे समय से कार्य में व्यवधान आ रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ग्वालियर बदल रहा है, इसका प्रमाण द्रुतगति से चल रहे विकास कार्य हैं।

**सिविल अस्पताल हजीरा का निरीक्षण**-ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर मंगलवार की मध्य रात्रि अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंच गए। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि इतनी रात गए मंत्री जी अस्पताल पहुंच जाएंगे। बहरहाल यहां उन्होंने कुछ कर्मचारियों से मरीज से संबंधित जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री ने बच्चों के वार्ड में भी निरीक्षण किया और उनके साथ मौजूद उनकी माताओं से बच्चों के स्वास्थ्य और इलाज के बाबत जानकारी ली। ऊर्जा मंत्री ने अस्पताल की साफ सफाई और अन्य सुविधाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने एक महिला से कहा कि हम सभी को इस अस्पताल को निजी अस्पताल से भी अच्छा बनाना है। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों ने ऊर्जा मंत्री



को सिविल अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए धन्यवाद दिया। वही एक परिजन का कहना था कि उनके बच्चे को नियमित रूप से सुबह नाश्ता मिल रहा है। इस दौरान उनकी निगाह अस्पताल में लगी शिकायत पेटी पर भी गई, जिसे उन्होंने दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जब ऊर्जा मंत्री ने बच्चों से बड़े दुलार के साथ बातचीत की, वही वयस्क मरीजों से इलाज और अस्पताल की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## ऊर्जा मंत्री ने उपनगर ग्वालियर में 4 करोड़ 14 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। उपनगर ग्वालियर में बुनयादी ढांचे को और बेहतर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है। हर क्षेत्र में समृद्धि और विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता जारी है। हमारा प्रयास है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। यह बात ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर में विभिन्न वार्डों में 4 करोड 14 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कही। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आज वार्ड 5 में हड्डी मिल में खेल मैदान का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का भूमि पूजन कर क्षेत्र के नव निर्माण की दिशा में एक और कदम बड़ाया है। खेल और सामुदायिक गतिविधियों के लिए सुविधाएं बड़ाने से हमारी युवा पीड़ी को प्रेरणा और अवसर मिलेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक के लिए समृद्ध और समर्थ माहौल तैयार करें। आप सभी का सहयोग ही हमारी प्रेरणा है और इसी के बल पर हम विकास की इस यात्रा को आगे बड़ाते रहेंगे।

उन्होंने आज वार्ड 01 किशन बाग में नई सीवर लाइन एवं एवी रोड कटी घाटी पर स्थित टिल्लू बाबा की पहाड़ी पर सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। क्षेत्र के विकास और स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को आगे बड़ाते हुए यह परियोजना स्थानीय निवासियों की सुविधा और स्वस्थ वातावरण के लिए एक अहम कदम है। आप सभी के सहयोग से इस विकास यात्रा को निरंतर गति मिल रही है। इस अवसर पर सर्वश्री प्रयाग तोमर, जगत सिंह कौरव, शैलू चौहान, राजकुमार परमार, छोटू परमार, शैलू चौहान, राजकुमार परमार, छोटू परमार सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**उपनगर ग्वालियर में 4 करोड 14 लाख रूपये से अधिक के विकास कार्यो का किया भूमि पूजन**-ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें वार्ड 5 में हड्डी मिल खेल मैदान , सम्पूर्ण आनंद नगर में सीवर लाइन निर्माण कार्य, वार्ड 1 में पंचवटी कॉलोनी श्री राजकुमार परमार वाली गली में सीसी रोड निर्माण कार्य , टिल्लू बाबा की पहाडी पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं किशनबाग की शेष गलियों में सीवर लाइन निर्माण के विकास कार्य शामिल हैं।

# विद्यालयों एवं कॉलोनियों में किया स्वच्छता संवाद, दिलाई शपथ

ग्वालियर । नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के अधिकांश वार्डों में रहवासी संघों के साथ परिचर्चा कर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग देने के लिए समझाइश दी गई। नगर निगम ग्वालियर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इसके साथ ही आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निगम आयुक्त अमन वैष्णव के निर्देशन में रहवासी संघों के साथ बैठक कर परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम द्वारा अनेकों रहवासी संघों के साथ परिचर्चा का आयोजन कर उन्हें स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता अभियान के स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत एवीटस फाउंडेशन संस्था के माध्यम से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी विद्यापीठ में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों को कचरा प्रबंधन, कचरा पृथक्करण, 3आर गतिविधी एवं प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के सम्बन्ध में




जागरूक किया गया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

साथ ही जोन 6 वार्ड 32 अंतर्गत श्रुति एंक्लेव पार्क पर श्रुति एन्क्लेव के निवासियों के साथ स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। रहवासियों के सुझावों एवं समस्याओं पर चर्चा की तथा स्वच्छता की शपथ दिलवाई। साथ ही जोन 6 वार्ड 31 अंतर्गत साकेत नगर के निवासियों के साथ स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। रहवासियों के सुझाव एवं समस्याओं पर चर्चा की तथा स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इसके साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 12 के अंतर्गत वार्ड 45 में आमजन को कचरा सडक पर न फैंकने और घरों में दो-दो डस्टबिन रखने तथा गीला सूखा कचरा अलग अलग देने हेतु समझाइश दी गई। इस अवसर पर वार्ड मॉनिटर कृतिका विश्वकर्मा, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय 14 अंतर्गत विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व बताया गया और गंदगी न फैलाने के समझाइश के साथ ही गीला एवं सूखा कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालने के बारे में बताया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478